रोहतक
गुरुवार, 10 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 160
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00



मौसम
अधि. 37.0
न्यून. 24.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





**अमेरिका से डिपोर्ट किए लोगों ने की थी शिकायत**

# डंकी रूट से जुड़े मामले में हरियाणा व पंजाब में 11 ठिकानों पर ईडी के छापे

## एजेंटों और बिचौलियों के घर से दस्तावेज जब्त

**जालंधर/करनाल(हरिभूमि न्यूज)।** ईडी ने पंजाब एवं हरियाणा के लोगों को 'डंकी रूट' के जरिए विदेशों में भेजने वाले नेटवर्क पर छापे मारे। इस साल अमेरिका से डिपोर्ट किए गए लोगों की शिकायत के आधार पर बुधवार को ईडी ने पंजाब और हरियाणा में एजेंटों, बिचौलियों से जुड़े 11 ठिकानों पर छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि पंजाब में अमृतसर, संगरूर, पटियाला, मोगा और हरियाणा में अंबाला, कुरुक्षेत्र और करनाल में संदिग्धों, एजेंटों के कार्यालयों व आवासों की धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत तलाशी ली। यह मामला पंजाब और हरियाणा पुलिस द्वारा उन यात्रा/वीजा एजेंटों और बिचौलियों के खिलाफ दर्ज 17 प्राथमिकियों से उपजा है, जिन्होंने अवैध रूप से अमेरिका जाने के इच्छुक विभिन्न लोगों के साथ धोखाधड़ी की।

धनशोधन रोकथाम कानून के तहत की गई छापेमारी
- यात्रा, वीजा एजेंटों और बिचौलियों के खिलाफ 17 केस दर्ज

### झूठा वादा करते हैं एजेंट

एजेंट विदेश जाने के इच्छुक निर्दोष लोगों को निशाना बनाते थे और उन्हें कानूनी माध्यमों व उड़ानों के जरिए अमेरिका भेजने का झूठा वादा करके हर व्यक्ति से 45-50 लाख रुपये वसूलते थे। एजेंट इन लोगों को ठगते थे क्योंकि उन्हें 'डंकी रूट' से अमेरिका भेजा जाता था।

### करनाल में एजेंट के घर छापा

करनाल में ईडी की टीम ने मानव तस्करी के संदेह में सुबह 5:30 बजे कालराम गांव में एजेंट चांद के घर छापे मारे। उस पर युवाओं को अवैध रूप से विदेश भेजने का आरोप है। छापे के दौरान चांद के घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया और बाहर जवान तैनात कर दिए, ताकि कोई अंदर-बाहर न जा सके। चांद का कोई दफ्तर नहीं था। वह सीधे लोगों से संपर्क करता था। अमेरिका से डिपोर्ट हुए कुछ युवकों की जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उनमें से 2-3 युवक चांद के संपर्क में थे और उसी के माध्यम से विदेश गए थे।

### यूएस से निर्वासित लोगों के बयान दर्ज

इस साल फरवरी में इन दोनों राज्यों और कुछ अन्य राज्यों से कई भारतीयों को अमेरिकी सैन्य विमानों से भारत प्रत्यर्पित किया गया था और बाद में ईडी ने कुछ निर्वासित लोगों के बयान दर्ज किए थे। इन बयानों और इससे संबंधित जांच से कुछ संदिग्धों के नाम सामने आए हैं और उनकी तलाश की जा रही है।

**सीएम सैनी बोले, बहुत हुआ अब यह मुद्दा खत्म होना चाहिए**

# एसवाईएल पर हरियाणा और पंजाब में बैठक फिर बेनतीजा

## मान बोले-चिनाब से पानी मिले तो हम हरियाणा को दे देंगे

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर विवाद के समाधान के लिए हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों के बीच दिल्ली में बुधवार को हुई बैठक बेनतीजा रही। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री आर पाटिल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पंजाब सीएम भगवंत मान ने शर्त रखी कि यदि पंजाब को रावी और चिनाब नदी से पानी मिलेगा तो वह हरियाणा को दे देंगे। इसमें हमें कोई दिक्कत नहीं होगी। मान ने कहा कि एसवाईएल नहीं बनेगी, लेकिन हमें पानी देने में कोई दिक्कत नहीं है। शर्त यह है कि हमें भी पानी मिले। हरियाणा हमारा दुश्मन नहीं, भाई है।

पंजाब के सीएम बोले, एसवाईएल नहीं बनेगी, लेकिन हमें पानी देने में दिक्कत नहीं
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री आर पाटिल की अध्यक्षता में हुई बैठक
- सुप्रीम कोर्ट में 13 अगस्त को सुनवाई



### मीटिंग में सार्थक चर्चा हुई : सैनी

हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने कहा कि इस बैठक में सार्थक चर्चा हुई है। दोनों राज्यों के बीच अब यह मुद्दा खत्म होना चाहिए। बैठक में तय हुआ कि अब 5 अगस्त को केंद्र की मध्यस्थता में दोबारा बैठक होगी। बता दें कि 13 अगस्त को इसी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। दोनों राज्य चाहते हैं कि इस सुनवाई से पहले इस मुद्दे पर किसी नतीजे पर पहुंचा जा सके।

**सुप्रीम कोर्ट में पंजाब के 2 फैसले हो चुके रद्द**

### जल समझौता रद्द करने का कानून

पंजाब का जल समझौता रद्द करने को लेकर बनाया गया कानून सुप्रीम कोर्ट ने नहीं माना। इसे रेफरेंस के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया।

### जमीन किसानों को लौटाना

पंजाब ने एसवाईएल नहर के लिए अधिग्रहित जमीन किसानों को लौटाने का किया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है व रिसीवर नियुक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### पंजाब में हथियारों का जखीरा बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कहा कि उसने पाक आतंकी हरविंदर रिंदा द्वारा रची गई बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए गुरदासपुर के एक वन क्षेत्र से हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जांच में पाया कि कई स्थानों पर हमले करने की पूर्व नियोजित साजिश के तहत रिंदा ने यह खेप भारत पहुंचाई थी। भाषा

### अवैध सट्टेबाजी : हरियाणा की कंपनी के 284 करोड़ सीज

**नई दिल्ली।** हरियाणा में अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के माध्यम से लोगों को ठगने से जुड़े मामले में पीएमएलए के तहत एक कंपनी की 284 करोड़ से अधिक की एफडी और शेयरों के लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। ईडी ने कहा कि उसने दो दिन तक गुरुग्राम व जींद में 'प्रोबो मीडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड' नाम की फर्म समेत उसके प्रवर्तक सचिन सुभाषचंद्र गुप्ता और आशीष गर्ग के चार परिसरों में छापेमारी की। कंपनी 'प्रोबो' नाम से एक मोबाइल ऐप और वेबसाइट संचालित करती थी। भाषा

### आर्थिक अपराधी मोनिका को यूएस में हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** सीबीआई अफसरों ने आर्थिक अपराधी मोनिका कपूर को



अमेरिका से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद हिरासत में लिया व भारत के लिए रवाना हो गए। यह जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि कपूर करीब 25 साल से अधिक समय से फरार थी। भाषा

### राणा की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत अवधि 13 अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने यह आदेश पारित किया। राणा की हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद उसे वीसी के जरिए अदालत में पेश किया गया। राणा 26/11 हमलों के मुख्य षड्यंत्रकारी डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी है। भाषा

### राज्य तय करें फिजियोथैरेपी की डिग्री एमबीबीएस के समक्ष है या नहीं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि उच्च न्यायालय अपने असाधारण न्याय क्षेत्र के तहत यह निर्धारित नहीं कर सकता कि फिजियोथैरेपी में डिग्री एमबीबीएस की डिग्री के समक्ष है या नहीं, यह तय करना राज्य सरकार का काम है। संध्या यादव नामक एक महिला की याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति अजित कुमार ने कहा, फिजियोथैरेपी में ऐसी डिग्री एमबीबीएस की डिग्री के समक्ष है या नहीं, यह तय करना राज्य सरकार का काम है। भाषा

# 18 जिलों में बरसात, मौसम विभाग की चेतावनी, पेड़ व खंभों से दूर रहें

## कई जगह सड़कों पर एक फीट तक पानी भरा, वाहन बहे, भिवानी में स्कूटी जली

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में बुधवार को 18 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने से वाहन चालकों व आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने लोगों को पेड़ों या बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है। विभाग का कहना है कि ऐसे मौसम में पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से लोगों को चोट लग सकती है यहां तक कि जान भी जा सकती है। इसलिए लोग सावधानी बरतें। झमाझम बारिश के कारण कई जिलों में सड़कों पर एक फीट तक पानी भर गया। इससे सड़कों पर गाड़ियां बंद हो गई। दोपहिया वाहन बह गए। वहीं, भिवानी में एक स्कूटी में आग लग गई। बुधवार सुबह सोनीपत, पंचकूला, अंबाला हिसार, पानीपत, भिवानी, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, चरखी दादरी, रोहतक, झज्जर, महेंद्रगढ़, फरीदाबाद और फतेहाबाद में कहीं बूंदाबांदी तो कहीं झमाझम बारिश हुई।



- 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवा
- प्रदेश में अब तक 111 एमएम बरसात दर्ज
- आज भी कई जिलों में झमाझम बारिश के आसार, तेज आंधी भी चलने की संभावना

### चरखी दादरी में छत गिरी

चरखी दादरी के खेड़ी सनवाल गांव में बारिश की वजह से धूप सिंह के मकान की छत गिर गई। उस समय परिवार के लोग दूसरे कमरे में सोए हुए थे। जिसकी वजह से वह बाल-बाल बच गए।

### भिवानी में जलभराव

भिवानी में बारिश में डूबी स्कूटी को ठीक करते समय उसमें आग लग गई। वह बारिश से हुए जलभराव में डूबने से बंद हो गई थी। मैकेनिक राकेश ने बताया कि मालिक स्कूटी को उसकी दुकान पर खड़ा कर गया। इसके बाद उन्होंने स्कूटी से पानी निकाला। जब वह किक मारकर स्कूटी को स्टार्ट करने लगे तो उसमें आग लग गई।

### सोनीपत में अंडरपास डूबा

सोनीपत में बारिश की वजह से शनि मंदिर के पास रेलवे अंडर ब्रिज में डूब गया। इसमें 8 फुट तक पानी भर गया है। इसी अंडरब्रिज की सर्विस रोड पर भी जलभराव हो गया।

### फरीदाबाद में जेई सस्पेंड

फरीदाबाद में निकाय मंत्री विपुल गोयल ने जेई सागर शर्मा को सस्पेंड कर दिया। सागर निगम में कॉन्ट्रैक्ट बेस पर तैनात थे। उन पर आरोप है कि गर्मी के बावजूद उन्होंने गांव बुढैना में पानी की सप्लाई ठीक नहीं की। जिसके बाद लोग मंत्री के ऑफिस पहुंच गए।



### कैथल के गांव सारन में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**कैथल।** सारन गांव में बुधवार शाम को 7 बजे तालाब में नहाने गए 3 बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इनमें से दो चचेरे भाई थे। तीनों बच्चे अक्षय, वंश और नमन खेलने के बाद तालाब पर चले गए। बारिश के कारण तालाब में दलदल बनी हुई थी। जैसे तीनों ने तालाब में छलांग लगाई तो कीचड़ में धंसते चले गए। ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला। तीनों को कैथल के निजी अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में नमन(8) मां-बाप का इकलौता बेटा है। उसकी केवल दो बहनें हैं। सरपंच सुदेश ने बताया कि बुधवार का दिन बहुत बुरा रहा। नमन, वंश व अक्षय की मौत से गांव गमगीन है।

**गुजरात में भीषण हादसा**



# महिसागर नदी पर पुल टूटा गाड़ियां गिरीं, 13 की मौत

- मध्य गुजरात का सौराष्ट्र से संपर्क टूटा
- 2 ट्रक, 2 कार और 1 रिक्शा नदी में गिरी
- 8 लोगों को स्थानीय लोगों ने मुश्किल से बताया
- 45 साल पुराना था ब्रिज

**वडोदरा (भाषा)।** गुजरात के वडोदरा में बुधवार सुबह महिसागर नदी पर बना 45 साल पुराना पुल टूट गया। इस दौरान पुल से गुजर रहे दो ट्रक, दो वैन और एक ऑटोरिक्शा समेत पांच वाहन नदी में गिर गए। वहीं, एक टैंकर पुल के टूटे हुए सिरे पर फंस गया। इस भीषण हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। यह ब्रिज मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता था। पुल टूट जाने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड जैसे दक्षिण गुजरात के शहरों से सौराष्ट्र पहुंचने में ज्यादा समय लगेगा। अब इसके लिए अहमदाबाद होते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ेगा।

### पुल का 15 मीटर लंबा स्लैब गिरा, पीएम ने दुःख जताया

पुलिस अधीक्षक (एसपी) (वडोदरा ग्रामीण), रोहन आनंद ने बताया कि घायलों को वडोदरा के एसएसजी अस्पताल में रेफर किया गया है। बचाव अभियान जारी है।' सुबह करीब साढ़े 7 बजे पुल का 10 से 15 मीटर लंबा स्लैब ढह गया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि राज्य के सड़क एवं भवन विभाग को इस दुर्घटना की जांच कर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया गया है। हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दुःख जताया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50,000 की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।

**गांव में मिला विमान का मलबा, वायुसेना ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए**

# राजस्थान में जगुआर क्रैश, रोहतक के पायलट समेत दो की मौत, दोनों के क्षत-विक्षत शव मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/चूरू

राजस्थान के चूरू में वायु सेना का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया है। इस हादसे में विमान के पायलट मूल रूप से रोहतक में खेड़ी साध गांव और वर्तमान में देव कॉलोनी निवासी लोकेंद्र सिंह सिंधु और एक अन्य पायलट की मौत हो गई। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां बड़े इलाके में जेट का मलबा बिखरा पड़ा है। यह हादसा बुधवार दोपहर 1:25 बजे हुआ। वायु सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए हैं। चूरू एसपी जय यादव ने बताया-राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ है। मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव मिले हैं। हादसे से पहले तकनीकी कारणों से पायलट इजेक्ट नहीं कर पाए। पिछले 5 महीनों में देश भर में तीन जगुआर विमान क्रैश हो चुके हैं।

**तकनीकी कारणों के चलते पायलट इजेक्ट नहीं कर पाए**





लोकेंद्र सिंधु, पायलट
फाइल फोटो

### दस जून को बेटे के पिता बने थे लोकेंद्र

चुरू में क्रैश होने वाले जगुआर विमान को लोकेंद्र सिंधु उड़ा रहे थे। लोकेंद्र ने सूरतगढ़ एयरबेस से उड़ान भरी थी। हादसे की सूचना जैसे ही रोहतक में लोकेंद्र के घर पहुंची घर में कोहराम मच गया। लोकेंद्र 2011 में वायु सेना में बतौर पायलट भर्ती हुए थे। इस समय वे स्कॉड्रन लीडर के पद पर तैनात थे। पिता जोगेंद्र सिंह ने बताया कि लोकेंद्र 10 जून को ही बेटे के पिता बने थे। लोकेंद्र के घर हादसे की जानकारी उनकी पत्नी डॉ. सुरभि के कजिन भाई ने दी। सुरभि का भाई भी सूरतगढ़ एयरबेस पर ही तैनात है।

# श्रमिक संगठनों की हड़ताल हरियाणा में नहीं दिखा असर

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार की श्रम नीतियों के विरोध में कई ट्रेड यूनियन द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण देश के अधिकांश हिस्सों में जनजीवन प्रभावित नहीं हुआ हालांकि पश्चिम बंगाल से छिटपुट हिंसा की घटनाएं सामने आईं। हरियाणा में हड़ताल का कोई असर नहीं दिखा। ट्रेड यूनियन ने दावा किया कि हड़ताल सफल रही और बड़ी संख्या में कर्मचारी काम पर नहीं पहुंचे, जिससे डाक, बैंकिंग, बीमा और खनन क्षेत्रों पर असर पड़ा। आंदोलन हालांकि कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा लेकिन पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में वामपंथी कार्यकर्ताओं और पुलिस व तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थकों के बीच झड़प के बाद हिंसा की खबरें आईं।

**बैंकिंग, डाक और बिजली सेवाएं प्रभावित हुईं**

# नामीबिया और भारत के बीच 4 करार पीएम को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

## मोदी बोले, नामीबिया भारत का मूल्यवान और विश्वसनीय साझेदार

**विंडहोक (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नामीबिया की राष्ट्रपति नेटुम्बो नेंडी-नदैतवा के साथ वार्ता की और डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-नामीबिया संबंधों की समग्र समीक्षा की। वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, जैव ईंधन और आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों में चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यह पीएम मोदी की नामीबिया की पहली और भारत से किसी प्रधानमंत्री की तीसरी यात्रा है। (पेज 8 भी देखें)



- 27 साल में किसी भारतीय पीएम की यह तीसरी यात्रा
- दोनों देश द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाएंगे
- मोदी ने नामीबिया की राष्ट्रपति नेंडी-नदैतवा के साथ वार्ता की

### ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एनशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस दिया

**विंडहोक।** पीएम नरेन्द्र मोदी को बुधवार को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एनशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस' से नवाजा गया। यह सम्मान नामीबिया की राष्ट्रपति नेटुम्बो नेंडी-नदैतवा द्वारा प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मोदी अपनी पांच देशों की यात्रा के आखिरी चरण में नामीबिया में हैं। मई 2014 में मोदी के पदभार ग्रहण करने के बाद से किसी विदेशी सरकार द्वारा उन्हें प्रदान किया गया यह 27वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

**बदलाव** बुधवार को पृथ्वी ने 1.59 मिली सेकेंड पहले चक्कर पूरा किया

**ऐसे ही दिन आते रहे तो भविष्य में घड़ी का समय बदलना होगा**

# अगले कुछ माह तेजी से घूमेगी पृथ्वी, 9 जुलाई इतिहास का सबसे छोटा दिन रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पृथ्वी के घूमने की गति तेज होने लगी है और यह अगले कुछ महीनों तक जारी रह सकती है। 9 जुलाई 2025 यानी बुधवार को पृथ्वी ने अपनी धुरी का चक्कर 1.59 मिली सेकेंड पहले पूरा किया। जिससे यह इतिहास का सबसे छोटा दिन बन गया। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की घूर्णन गति में यह वृद्धि कुछ और महीनों तक जारी रह सकती है। अब 22 जुलाई और 5 अगस्त को भी चक्कर जल्दी खत्म होगा। इससे पहले 5 जुलाई 2024 को पृथ्वी ने 1.66 मिली सेकेंड पहले अपना चक्कर खत्म किया था। पृथ्वी 24 घंटे में पूरा एक चक्कर लगाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चंद्रमा पृथ्वी के रोटेशन (चक्कर लगाना) को प्रभावित कर रहा है।



### पृथ्वी के घूमने की गति क्या है

पृथ्वी पर एक दिन का मतलब होता है- पृथ्वी का अपनी धुरी पर एक पूरा चक्कर लगाना। यह एक चक्कर पूरा करने में करीब 86400 सेकेंड लगते हैं यानी लगभग 24 घंटे। पृथ्वी की घूमने की रफ्तार हमेशा एक जैसी नहीं रहती। इसे कई चीजें प्रभावित करती हैं, जैसे- सूरज और चांद की स्थिति, पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में बदलाव, पृथ्वी के अंदर और बाहर द्रव्यमान का असमान वितरण, जिसमें बर्फ का पिघलना या समुद्र का स्तर बदलना शामिल है।

### यह होगा असर

वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर ऐसे छोटे दिन आते रहे, तो भविष्य में घड़ी के समय को बदलना पड़ेगा। अभी तक लीप सेकेंड यानी 1 सेकेंड जोड़ते थे, ताकि समय ठीक रहे, अब शायद निगेटिव लीप सेकेंड यानी 1 सेकेंड घटाना होगा। ऐसा पहली बार होगा। उम्मीद है बदलाव 2029 में होगा।

### जन जीवन पर असर

पृथ्वी धुरी पर ज्यादा तेजी से घूम रही है, इसकी वजह से सभी देशों का समय बदल सकता है। इससे संचार व्यवस्था में दिक्कतें आ सकती हैं, क्योंकि सैटेलाइट्स व संचार यंत्र सोलर टाइम के अनुसार ही सेट किए जाते हैं। ये समय तारों, चांद और सूरज की पोजिशन के अनुसार सेट की जाती है।

## खबर संक्षेप

### श्रुति चौधरी ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र से की भेंट

**चंडीगढ़।** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव से शिष्टाचार भेंट की और विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान श्रुति चौधरी ने हरियाणा की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के बारे भी चर्चा की। उन्होंने जल प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था के आधुनिकीकरण, पर्यावरण संरक्षण संबंधी परियोजनाओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पर्यावरण-संवेदनशील दृष्टिकोण को अपनाते हुए सतत विकास को प्राथमिकता दे रही है।

### सूचना व भाषा विभाग में अतिरिक्त निदेशक बने डॉ. साहिब राम

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में सयुंक्त निदेशक के पद पर सेवारत डॉ साहिब राम गोदारा को अतिरिक्त निदेशक के पद पर पदौन्नत कर दिया है। डॉ गोदारा वर्तमान में सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के चंडीगढ़ में प्रेस शाखा के इंचार्ज हैं। उन्होंने जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के तौर पर विभाग में सेवा आरम्भ की थी। उन्हें विभिन्न जिलों में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी से लेकर उपनिदेशक एवं सयुंक्त निदेशक तक कार्य करने का अनुभव है।

### कालाबाजारी को बढ़ावा दे रही है भाजपा : दीपेन्द्र

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने प्रदेश में डीएपी यूरिया खाद किल्लत और कालाबाजारी के लिए बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि 2014 के बाद से हर फ़सली सीजन में किसानों को खाद किल्लत और कालाबाजारी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार खाद की किल्लत पैदा करके काला बाजारी को बढ़ावा दे रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने मांग करी कि सरकार तुरंत डीएपी और यूरिया खाद की पर्याप्त व्यवस्था करे और खाद की कालाबाजारी करने वालों पर अंकुश लगाए। उन्होंने कहा कि बीजेपी के शासनकाल में इस बात का भी रिकार्ड बना कि थानों से खाद बँटवानी पड़ रही है। जो पुलिस जनता की सुरक्षा, अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में लगनी चाहिए वो खाद वितरण के काम के लिए पहरा दे रही है।

हरियाणा में संगठन खड़ा करने की मुहिम, पर्यवेक्षकों के साथ मंथन में जुटे वरिष्ठ नेता

# अब दो दिन होगी चर्चा, पार्टी गुटबाजी से उबरी तो इसी महीने फाइनल हो जाएंगे कांग्रेस जिलाध्यक्षों के नाम

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| योगेंद्र शर्मा

हरियाणा में कांग्रेस का मजबूत संगठन तैयार करने और राज्य इकाई गठन को लेकर हलचल की शुरुआत हो गई है है। एआईसीसी पर्यवेक्षकों ने इस क्रम में कोशिशें तेज कर दी हैं। अभी तक जहां जिला अध्यक्षों के नामों के ऐलान का प्रदेश में इंतजार हो रहा है। आने वाले दो दिनों के मंथन में हरियाणा को लेकर ही चर्चा होगी, साथ ही नामों को लेकर भी समीक्षा होगी। पार्टी अंदरूनी गुटबाजी से उबरी तो इसी महीने जिलाध्यक्षों के नाम भी फाइनल हो जाएंगे।

भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल नेता, जिला अध्यक्षों सहित सभी विषयों को लेकर मंथन होगा। जिलाअध्यक्षों की नियुक्ति के लिए एआईसीसी पर्यवेक्षकों के साथ में हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल एआईसीसी पर्यवेक्षकों के साथ राज्य में कांग्रेस को मजबूत करने की दिशा में विचार विमर्श की शुरुआत कर दी है। यह प्रक्रिया एक से दो दिन जारी रहेगी। हरियाणा में नौ माह से ज्यादा का वक्त बीतने के बाद भी कांग्रेस पार्टी गुटबाजी और खींचतान के कारण अब तक राज्य में विधायक दल के नेता की नियुक्ति नहीं कर पाई है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी इसी माह के जिला अध्यक्षों के नामों और नियुक्ति की घोषणा कर देगी। जिसके बाद कांग्रेस राज्य में प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल नेता की नियुक्ति करेगी। जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए एआईसीसी पर्यवेक्षकों के साथ में राज्य के प्रभारी बीके हरिप्रसाद और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सभी एआईसीसी पर्यवेक्षकों के साथ मुलाकात करेंगे।

### हुड्डा, रणदीप और सैलजा गुट में बंटी पार्टी


भूपेंद्र सिंह हुड्डा


कुमारी सैलजा


रणदीप सुरजेवाला

प्रदेश में कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा का दबदबा है और यहां की राजनीति भी उनके इर्द-गिर्द ही केंद्रित होती है। हालांकि प्रदेश में पार्टी दो खेमों में बंटी हुई नजर आती है और एक अगुवाई भूपेंद्र सिंह हुड्डा करते हैं और कई मौकों पर जबकि दूसरा गुट कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला का है। पहले इस गुट में किरण चौधरी भी थीं, लेकिन उनके कांग्रेस छोड़ने के बाद से यह गुट कमजोर हुआ है। गुटबाजी का आलम यह है कि पार्टी पिछले कई सालों से सभी जिलों में अध्यक्षों और संगठनात्मक इकाइयों का गठन तक नहीं कर पाई है।

**ये हालात**

### कई जिले में बहुत ज्यादा तो कहीं बेहद कम दावेदार

सूबे में कहीं बहुत ही ज्यादा और कहीं बहुत ही कम संख्या में आवेदन दिए गए हैं। उदाहरण के तौर पर हिसार जिले में जिला अध्यक्ष बनने के लिए सबसे ज्यादा आवेदन हिसार से आए हैं। सूत्रों अनुसार 200 के करीब आवेदन हिसार जिले से आए हैं। हुड्डा परिवार के गढ़ रोहतक से 120 के करीब आवेदन जिला अध्यक्ष बनने के लिए दिए हैं।

### प्रदेश इकाई का गठन नहीं हो पाया

एक दशक से राज्य में संगठन तैयार नहीं हो सका है। राज्य में दिग्गज नेताओं में गुटबाजी और खींचतान के कारण 2013 के बाद गुटबाजी के चलते राज्य में प्रदेश इकाई का गठन नहीं हो पाया है। राज्य में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए हर जिले से 6 लोगों का पैनल बनाया है, जिसमें से एक व्यक्ति का चुनाव जिला अध्यक्ष के लिए पार्टी हाई कमांड द्वारा किया जाएगा। इसी प्रक्रिया के तहत एआईसीसी पर्यवेक्षक से प्रदेश प्रभारी और संगठन महासचिव अलग अलग मुलाकात कर रहे हैं, जिसके बाद इस माह अंत तक नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। गौरतलब है कि राज्य में नए प्रदेश अध्यक्ष और राज्य में नेता विपक्ष की नियुक्ति होगी। प्रदेश में संगठन को एक मजबूत आधार देने की कवायद के तहत पार्टी सभी जिलों में अध्यक्षों और संगठनात्मक इकाइयों का गठन करने की कोशिश में जुट गई है।

# एक ही दिन में भाजपा की सभी 27 जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी ने एक ही दिन में बुधवार को हरियाणा के सभी जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा कर सूची जारी कर दी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित तमाम बड़े नेताओं ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी है और विश्वास जताया है कि कार्यकर्ताओं के दम पर संगठन का और अधिक विस्तार होगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने कहा कि जिलों में हुई संगठनात्मक नियुक्तियों से संगठनात्मक कार्यों को और गति से किया जा सकेगा। अरविंद ने बताया कि हरियाणा में 22 जिले हैं, लेकिन भाजपा ने संगठनात्मक दृष्टि से 27 जिले बनाए हैं। हांसी, बल्लभगढ़ (फरीदाबाद महानगर), गुरुग्राम महानगर, गोहाना और डबवाली पांच नए जिलों सहित सभी 27 जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा बुधवार को जिला अध्यक्षों द्वारा की गई।

### और मजबूत हुआ संगठन

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता संगठन को नई मजबूती प्रदान करते हुए विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ, मंडल, शक्ति केंद्र और जिला स्तर के कार्यक्रमों को पार्टी की योजना के अनुसार पूरा करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति हैं, जो न केवल जनता की समस्याओं के समाधान में अग्रणी रहते हैं, अपितु सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का सेतु भी बनते हैं।

# दूसरे राज्यों में उद्यमियों को ज्यादा सब्सिडी दी जा रही है तो उसे हरियाणा में भी लागू करें

मंत्री राव नरबीर ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में उद्योगों का भी विशेष योगदान रहेगा। हरियाणा इसी लक्ष्य के साथ उद्योगों की योजनाओं की रूपरेखा तैयार कर रही है। मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दूसरे प्रदेशों में उद्यमिय़ों को दी जा रही सब्सिडी की जानकारी लें और यदि दूसरे राज्यों में हरियाणा से ज्यादा सब्सिडी है तो उसे हम अपने प्रदेश में भी लागू करें, ताकि हरियाणा में भी और ज्यादा उद्योग स्थापित हो सकें और प्रदेशवासियों को रोजगार मिले। प्रदेश सरकार स्टार्टअप से लेकर एमएसएमई व नई आईएमटी विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, क्योंकि किसी भी देश का विकास उद्योगों के बिना संभव नहीं है।


### औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत तेज करें

मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आईओएमटी व अन्य एचएसएसआईआईडीसी की औद्योगिक संपदाओं में ग्रीन बेल्ट को बढ़ावा दिया जाए और 15 जुलाई से आरंभ मास पौधारोपण अभियान के दौरान अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मानसून के दो महीनों के बाद औद्योगिक क्षेत्रों में 15 सितंबर से सड़कों की मरम्मत के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिए कि विभाग के जिलास्तर पर कार्यालयों में कार्यशैली को और बेहतर बनाया जाए, ताकि उद्यमियों का विभाग के प्रति विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि उद्यमियों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाई जाए। इसको लेकर तत्परता से काम भी किया जा रहा है।

# केंद्रीय मंत्री ने एनईपी लागू करने पर प्रदेश को सराहा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री ने उन्हें अवगत कराया कि हरियाणा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को इस शैक्षणिक सत्र से लागू कर दिया है। इसी के अनुरूप पाठ्यक्रम भी तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपने-अपने राज्यों में वर्ष 2030 तक लागू करने का लक्ष्य दिया था, जबकि हरियाणा ने इसे 5 वर्ष पहले ही 2025 में लागू करके देश के समक्ष एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। शिक्षा मंत्री श्री ढांडा ने केंद्रीय मंत्री को इस बात की भी जानकारी दी कि यह सब हरियाणा सरकार की शिक्षा के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। इस नीति को सिरे चढ़ाने में विभाग के अधिकारियों की दिन-रात मेहनत भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश में सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए हरियाणा सरकार की सराहना की।



# अब नशे के खिलाफ कानूनी, आर्थिक और सामाजिक तीन तरफ हमला करेगी एनसीबी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) प्रमुख ओपी सिंह ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ चलाया जा रहा है। तस्करों की अवैध कमाई, संपत्तियों और नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। पंचकूला स्थित मुख्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित अफसरों को संबोधित करते हुए कही। बैठक में एचएसएनसीबी पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार, मोहित हांडा, जिला न्यायवादी सहित डीएसपी और प्रदेश भर के यूनिट इंचार्ज भी उपस्थित थे।शहरी हॉटस्पॉट पर होगा फोकस - कानून, समाज और जन-जागरूकता का होगा समन्वय बैठक के दौरान सिंह ने निर्देश दिए कि राज्य के प्रमुख नशा प्रभावित शहरी इलाकों की पहचान कर वहां एक समन्वित रणनीति लागू की जाए, जिसमें कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ समाज की भागीदारी और व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी शामिल हों। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बीमारी है, जिसे समाप्त करने के लिए सभी को काम करना होगा।

### गुरुग्राम-एनसीआर में सिन्थेटिक ड्रग्स पर चिंता

बैठक में गुरुग्राम और एनसीआर क्षेत्र में बढ़ती सिन्थेटिक व फार्मास्युटिकल ड्रग्स की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की गई। हरियाणा एनसीबी ने इन क्षेत्रों में विशेष सतर्कता अभियान चलाने और सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को लक्ष्य बनाकर फैल रही इन दवाओं के नेटवर्क को ध्वस्त करना समय की मांग है।

### संपत्तियां होंगी जब्त और नष्ट की जाएंगी

हरियाणा एनसीबी प्रमुख ने यह भी स्पष्ट किया कि अब कार्रवाई का केंद्र बिंदु नशा तस्करों की अवैध कमाई को समाप्त करना होगा। पीआईटी, एनडीपीएस एक्ट के तहत आदतन नशा तस्करों को हिरासत में लेकर उनकी अवैध संपत्तियों को पहले अटैच किया जाएगा, फिर जब्त कर उन्हें सार्वजनिक रूप से ध्वस्त करना अभियान की प्राथमिकता होगी।

### राष्ट्रीय सम्मेलन से बना सार्थक चर्चा और संवाद का वातावरण : हरविन्द्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि गुरुग्राम में संपन्न हुए शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका को रेखांकित करना था। यह सम्मेलन छोटी विधायी संस्थाओं में जिम्मेदारी से संवाद का भाव पैदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के स्वप्न को पूरा करेगा। सम्मेलन में शहरी नियोजन और विकास से जुड़े विशेषज्ञ, नीति निर्माता शामिल रहे। इसके चलते यह सम्मेलन वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और विशेषज्ञों के प्रत्यक्ष संवाद का मंच बना। कल्याण बुधवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 3 स्थित हरियाणा निवास में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। कल्याण ने कहा कि सम्मेलन के दौरान शहरी निकाय प्रशासन को नवाचार, पारदर्शिता और जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए एआई तकनीक आधारित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया गया।


# सफल हड़ताल से सबक ले सरकार : पूनिया

**चंडीगढ़।** आल इंडिया रोड़ ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरबत पूनिया, हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र दिनोद, सुमेर सिवाच, दिनेश हुड्डा, वीरेंद्र सिगरोहा , जगदीप धनखड़, चमन लाल स्वामी ने संयुक्त प्रेस बयान में बताया 80 प्रतिशत कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लिया और लगभग 22 बसों का चक्का जाम रहा। उन्होंने कहा ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय मंच, कर्मचारी संघों, हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर हुई सफल हड़ताल से सबक लेकर कर्मचारी विरोधी नीतियां वापस लेकर बातचीत से मांगों का समाधान करें। उन्होंने जोर देकर कहा केंद्र सरकार कर्मचारी मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड बिल रद्द करे, ट्रेड यूनियन अधिकारों पर हमला बंद करे, प्रदेश का अलग वेतन आयोग गठित करे,पुरानी पेंशन बहाल करे, एच के आर एन के सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे, जोखिम भरे काम करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भत्ता दे, ऑनलाइन तबादला नीति में संशोधन करे, सभी विभागों में खाली पड़े पदों पर पक्की भर्ती करें, रोडवेज विभाग 362 रुटों पर 3658 प्राइवेट रुट परमिट देने की नीति रद्द कर विभाग में निजीकरण पर रोक लगाएं ।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 210 दिनांक 05.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना आई एम टी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - कोमल
पिता/पति- पुत्री अमन
पता - निवासी गांव बलियाणा रोहतक
उम्र- 24 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच ।
हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा।
पहनावा पता नहीं।

दिनांक 05.07.25 को कोमल पुत्री अमन निवासी गांव बलियाणा रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई एम टी रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना थाना आई एम टी रोहतक- 8053455648

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 194 दिनांक 07.07.2025 धारा 140(3) BNS 2023 थाना सदर रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम- मयंक
पिता/पति- पुत्र अशोक
पता - निवासी गांव ब्रामणवास जिला रोहतक
उम्र- 13.5 वर्ष
कद- 3 फुट 5 ईंच ।
हुलिया - रंग गोरा, दुबला पतला शरीर, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर ।
पहनावा- काले रंग की टी शर्ट, नीले रंग की जींस की पैंट व पैरों में जूते पहने हुए है।


दिनांक 07.07.25 को मयंक पुत्र अशोक निवासी गांव ब्रामणवास जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 9991309543

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 293 दिनांक 08.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - प्रशांत
पिता/पति- पुत्र स्वर्गीय मनीष
पता- निवासी शुगर मील कालोनी रोहतक
उम्र-30 वर्ष
कद - 5 फुट 8 इंच ।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हृष्ट पुष्ट शरीर ।
पहनावा- काले रंग की टी शर्ट, काले रंग की लोवर, व पैरों में जूते पहने हुए है।

दिनांक 08.07.25 को प्रशांत पुत्र स्वर्गीय मनीष निवासी शुगर मील कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7015596082

पीआरडीएच-1084/11/3623/2026/36427/88/6 दि. 09.07.2025



**किशन लाल जालान सरकारी नेत्र हस्पताल, भिवानी पुराना रिकार्ड नष्ट करने हेतू सूचना**

किशन लाल जालान सरकारी नेत्र हस्पताल भिवानी का वर्ष 2002 से वर्ष 2021 तक IPD/OPD / Financial रिकार्ड इस प्रकाशन के एक माह बाद नष्ट कर दिया जाएगा। इस विषय पर किसी को आपति है तो एक माह के अन्दर सुचित करें। इसके पश्चात आपति मान्य नहीं होगी।

**हस्ता/- वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी,**
**किशन लाल जालान सरकारी नेत्र हस्पताल,**
**भिवानी**

पीआरडीएच 1058/11/1110/2026/36390/88/6 दि. 09.07.2025



**कार्यालय नगरपालिका चीका (कैथल)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत संघ बनाम गुजरात राज्य एवं अन्य के रूप में विशेष अपील (सी.) संख्या 8519/2006 में पारित दिनांक 29-09-2009 के आदेश के तहत निर्देश दिया कि उस तिथि के बाद सार्वजनिक सड़कों, सार्वजनिक पार्कों या सार्वजनिक स्थानों आदि पर मंदिर, चर्च, मस्जिद या गुरुद्वारा आदि के नाम पर कोई अनाधिकृत निर्माण नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी और प्रारंभिक रूप से रिपोर्ट मांगने और कार्यान्वयन की निगरानी के बाद दिनांक 31.01.2018 के आदेश के तहत मामलों को प्रभावी तरीके से अपने आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित उच्च न्यायालय को भेज दिया है।

उच्च आदेशों की पालना में सरकारी भूमि, ग्रीन बैल्ट, सरकारी पार्क, सड़क, फुटपाथ इत्यादि पर बने अवैध संस्थान स्ट्रक्चर, भवन आदि को तुरंत प्रभाव से हटा लें अन्यथा संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा कानूनी कार्रवाई करते हुए उपरोक्त भवनों को तोड-फोड कर हटा दिया जाएगा, जिसमें होने वाले हर्जा-खर्चा के लिए उपरोक्त संस्थानों को चलाने वाले अनुयायी स्वंय जिम्मेवार होंगे। इसके अतिरिक्त संबंधित के विरूद्ध दंडात्मक एवं न्यायालय के आदेश की अवमानना की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

**हस्ता/- सचिव नगरपालिका चीका।** **मुख्य सचिव हरियाण सरकार।**



**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई सिरसा | आरडी 240200 भाकरा मेन ब्रांच पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग की मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 2.19 लाख | hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 2 | सिंचाई सिरसा | प्रोटेक्शन वॉल के साथ-साथ आरडी 47530 से 52840 के बीच अबुतगढ़ के सर्विस रोड पर इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.07.2025 | 93.50 लाख | hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 3 | सिंचाई चरखी दादरी | सतनाली डिस्टी. के कि.मी. 4.000 आर/एस से गांव तालाब जरवा ऑफ टेकिंग के लिए आरसीसी पाइप लाइन बिछाना + 5 कार्य। | 07.07.2025 18.07.2025 | 94.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 4 | लोनिवि (भ व प) गुरूग्राम | गुरूग्राम में आयुक्त कार्यालय का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 19.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि (भ व प) गुरूग्राम | गुरूग्राम में द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में सड़कों की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 24.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स समेत वैद्युत सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु निविदा। | 11.07.2025 28.07.2025 | 1.60 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/120/36435/I/88/6 दि. 09.07.25




## खबर संक्षेप

### जोहड़ में डूबने से 37 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव निंबी में जोहड़ में डूबने से एक 37 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई हैं। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के पिता गजराज सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव निंबी का निवासी है। उसका लड़का राजकुमार बुधवार सुबह करीब 10 बजे घर से बाहर गया था। उसे 11 बजे सूचना मिली कि उसका लड़का राजकुमार गांव जोहड़ में डूब गया है। इस सूचना पर वह तथा गांव के लोग मौके पर पहुंचे, जहां पर गांव के लोगों की मदद से उसके लड़के राजकुमार को बाहर निकालकर एंबुलेंस की सहायता से सरकारी अस्पताल महेंद्रगढ़ दाखिल करवाया गया। इसके बाद नागरिक अस्पताल के चिकित्सकों ने उसके बेटे राजकुमार की जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

### फोन हैक कर लगाई 2.15 लाख की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में जालसाजों ने युवक का मोबाइल हैक कर क्रेडिट कार्ड के जरिए 2.15 लाख रुपए की चपत लगा दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-61 निवासी राकेश कुमार ने बताया कि बीती 29 मई को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने राकेश कुमार से कार्ड अपडेट कराने संबंधी पूछताछ करने के बारे में पूछा। राकेश कुमार की सहमति पर जालसाज ने उसके व्हाट्सएप नंबर पर कॉल की और उससे पेन कार्ड, आधार कार्ड व क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारी फार्म पर भरने के लिए कहा। ऐसा करते ही राकेश कुमार के मोबाइल पर इनकमिंग कॉल और व्हाट्सएप कॉल आनी बंद हो गई। करीब दो घंटे बाद उसने मैसेज देखा तो उसके क्रेडिट कार्ड से तीन बार में लाखों रुपये ट्रांसफर किए जा चुके थे।

### अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 25 साल की सजा

**गुरुग्राम।** एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एवं सेशन जज जैस्मिन शर्मा की अदालत ने पालम विहार एरिया में सात साल की बच्ची का किडनेप कर रेप करने के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 25 साल कठोर कारावास सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी किया है। जानकारी के मुताबिक, 12 अक्टूबर 2021 को पालम विहार थाना पुलिस को 7 वर्षीय नाबालिग से रेप करने की सूचना मिली थी। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए ओम विहार के रहने वाले कृष्णा सिंह लोधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## हिसार में डीजे बजाने पर विवाद में नाबालिग की मौत का मामला

# पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज करने पर अड़े परिजन, शव उठाने से इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- धरने पर 21 सदस्यीय कमेटी का गठन
- तनाव के चलते पुलिस रही तैनात

शहर के 12 क्वार्टर एरिया में जन्मदिन पार्टी में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में परिजनों ने बुधवार को दूसरे दिन भी मृतक का शव नहीं उठाया है। परिजनों ने स्पष्ट ऐलान किया है जब तक घटना के जिम्मेवार पुलिस कर्मचारियों पर केस दर्ज नहीं होता, तब तक वे शव नहीं उठाएंगे। इसी के साथ नागरिक अस्पताल में चल रहे परिजनों व समाज के अन्य लोगों के धरने पर 21 सदस्यों की कमेटी गठित कर दी गई है, जो आगे के आंदोलन की रूपरेखा तय करेगी। नागरिक अस्पताल में धरने पर बैठे मृतक के परिजनों व समाज के अन्य लोगों ने कहा कि किसी तरह का अन्याय सहन नहीं किया जाएगा। जब तक पुलिस कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं होगी, वे किसी भी सूरत में शव नहीं उठाएंगे। समाज के लोगों ने आपसी विचार-विमर्श के बाद आगामी आंदोलन चलाने के लिए 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय करेगी। इस 21 सदस्यीय कमेटी में विभिन्न क्षेत्रों से गणमान्य व्यक्ति शामिल किए गए हैं। वहीं समाज की ओर से गठित 21 सदस्यीय कमेटी में से ही पांच सदस्यीय मुख्य कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी मीडिया को जानकारी देने, प्रशासन से बात करने सहित अन्य मुख्य फैसले लेगी। इस कमेटी में ताराचंद बलियाली, पार्षद राजेन्द्र बिडलान, कमल, कुलदीप व मृतक युवक का पिता शामिल है। इसके अलावा नगर निगम के सफाई कर्मचारी यूनियन से सुरेन्द्र को भी इस कमेटी में शामिल किया गया है।


हिसार। नागरिक अस्पताल में धरने पर बैठे परिजन व अन्य।

### शांतिपूर्ण रहेगा आंदोलन

धरने पर बैठे समाज के गणमान्य व्यक्तियों व 21 सदस्यीय कमेटी ने फैसला किया कि यदि प्रशासन ने उनकी बात नहीं सुनी तो वे बड़ा प्रदर्शन करने का निर्णय लेंगे। यह प्रदर्शन पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण रहेगा ताकि सरकार तक संदेश पहुंचे कि समाज क्या चाहता है।

### पुलिस रख रही नजर

परिजनों द्वारा दूसरे दिन भी शव न उठाने व आंदोलन जैसी आशंका को देखते हुए नागरिक अस्पताल में पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर पुलिस अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए थे। समाज की ओर से पुलिस प्रशासन को बुधवार सुबह 10 बजे तक का अल्टीमेटम दिया गया था कि इस अवधि तक घटना के जिम्मेवार पुलिस कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। परिजनों का आरोप है कि समयावधि बीत जाने के बावजूद पुलिस की ओर से उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जिस वजह से कमेटी बनाकर आंदोलन रणनीति का निर्णय लेना पड़ा। कमेटी ने मांग रखी कि वीडियो में दिखाई दे रहे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज हो, पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी सहित मेडिकल बोर्ड की निगरानी में हो, पूरे मामले की जुडिशरी मजिस्ट्रेट से लीगल इंक्वारी हो व एरिया के संबंधित डीएसपी को भी जांच में शामिल कर बयान लिए जाए।

**आरोप**

### परिजन बोले- पुलिस ने छत से धक्का दिया

शहर के भारत नगर में सोमवार की रात को जन्मदिन की पार्टी में डीजे बजाया जा रहा था। पुलिस का कहना है कि जब वे डीजे बंद करवाने पहुंचे तो कुछ युवकों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में चौकी प्रभारी विनोद सहित दो-तीन पुलिस कर्मचारी घायल हो गए। दूसरी तरफ परिजनों का कहना है कि पुलिस कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से नोक-झोंक की और दो युवकों को छत से धक्का दे दिया, जिससे एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया।

### कल अर्धनग्न प्रदर्शन

कमेटी ने इस बात पर रोष जताया कि प्रशासन व शासन को इन चारों मांगों से कल ही अवगत करवा दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं आया है। ऐसे में कमेटी ने निर्णय लिया है कि 11 जुलाई को सुबह 10:30 से 12:30 बजे आईजी आवास तक अर्धनग्न होकर पैदल मार्च कर उनके द्वार पर सरसों तेल के दिए जलाकर प्रशासन को रोशनी दिखाने का काम किया जाएगा।

## शराब पिलाकर क्रिकेट सट्टेबाजी में फंसाया, 15 लाख रुपये डूबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, केस



क्रिकेट सट्टेबाजी के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित गिल्होत्रा और भूषण नागपाल निवासी फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस 25 जून को साहिल सोनी निवासी रेगर बस्ती, फतेहाबाद को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र ने बताया कि इस संबंध में पुलिस ने 11 जून को महिला नीरू बाला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, महिला का पति मुकेश कुमार फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास मनी ट्रांसफर की दुकान चलाता हैं। मुकेश को आरोपी युवकों भूषण नागपाल, अमित गिल्होत्रा, राजन ग्रोवर और साहिल सोनी ने सट्टेबाजी की आदत में फंसा दिया। महिला ने बताया कि आरोपी युवक प्रतिदिन शाम के समय उसके पति की दुकान पर बैठकर शराब पीते थे और क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाते थे। एक सोची-समझी साजिश के तहत उन्होंने उसके पति को अत्यधिक शराब पिलाकर बड़ी रकम दांव पर लगाने के लिए उकसाया। आरोपियों ने अपने मोबाइल की सट्टा आईडी मुकेश को दी, जिसके माध्यम से उसने लगभग 15 लाख रुपये सट्टे में गंवा दिए।

### पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया

महिला ने शिकायत में यह भी बताया था कि आरोपी युवक अब लगातार पैसे की मांग कर रहे हैं और धमकी व झगड़ा कर रहे हैं, जिससे पीड़ित मानसिक तनाव में है। 15 मई की शाम को जब महिला घर पर नहीं थी, तो उसके पति ने आत्महत्या का प्रयास किया, परंतु समय रहते महिला ने उसे बचा लिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, मानसिक उत्पीडन एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि चौथे आरोपी राजन ग्रोवर की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया।

## रील बनाने के लिए 120 फुट ऊंची टंकी पर चढ़े युवक



### लोगों की सांसें थमी, पार्षद ने सूझबूझ से तीनों को नीचे उतारा

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी रोड स्थित गैस गोदाम के सामने जनस्वास्थ्य विभाग की पानी की टंकी पर तीन नवयुवक चढ़ गए। करीब 120 फीट ऊंचाई वाली टंकी पर युवक इंटरनेट मीडिया के लिए रील बनाने के चक्कर में चढ़े थे। यह नजारा देख वहां मौजूद लोगों की सांसें थम गईं। मौके पर पहुंचे पार्षद अंकित त्यागी ने युवकों को आवाज देकर नीचे उतरने को कहा। उनकी आवाज सुनकर तीनों युवक तुरंत नीचे उतर आए और भाग गए। इस दौरान उनकी पहचान नहीं हो सकी। टंकी की ऊंचाई और चारों ओर फैली स्लैब की संकरी जगह को देखते हुए जरा सी चूक से बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि आए दिन युवा इस तरह के खतरनाक स्टंट कर इंटरनेट मीडिया पर वीडियो डालने के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। पार्षद अंकित त्यागी ने लोगों से अपील की कि वे ऐसे स्टंट करने वालों को समझाएं और प्रशासन से भी मांग की कि टंकी के चारों ओर सुरक्षा इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

## अनंगपुर में तोड़फोड़ के विरोध में 13 को महापंचायत : प्रताप

**फरीदाबाद।** अनंगपुर गांव सहित अरावली वन क्षेत्र में हुई तोड़फोड़ को लेकर बनाई गई अनंगपुर संघर्ष समिति ने बुधवार को नीलम बाटा रोड स्थित होटल राजमंदिर में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें 13 जुलाई को होने वाली महापंचायत की रूपरेखा एवं उसकी तैयारी को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता को कमेटी के चेयरमेन अतर सिंह, विजय प्रताप, पूर्व मेयर देवेंद्र भड़ाना, पूर्व पार्षद कैलाश बैंसला, प्रेम किशन आर्य पप्पी आदि ने संबोधित किया। विजय प्रताप ने अपने सम्बोधन में कहा कि शहर में हो रही तोडफ़ोड़ से लोगो में भय फैला हुआ है। कानून व्यवस्था की धज्जिया उड़ाई जा रही है पिछले कुछ समय से तोडफ़ोड़ की गयी है। विजय प्रताप ने कहा देश में और भी जगह पहाड़ है पर इस तरह की कोई तोडफ़ोड़ कहीं नही है। पीएलपीए और अरावली का डर दिखा कर तोड़ फोड़ की जा रही है। जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।



### अरावली वन क्षेत्र के हजारों निर्माण गिराए जाएंगे

गांव अनंगपुर में फार्म हाउस सहित कई हजार से ज्यादा निर्माणों को तोड़ा जाना है, जिनको नोटिस भिजवाए गए हैं। इस मामले में बडख़ल के विधायक से तो कोई उम्मीद नही थी, इसलिए सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री के पी गुर्जर के निवास पर गांव के लोग एकत्रित होकर गए और उनसे मिलें, जिन्होंने आश्वासन दिया। लेकिन, उनके कहने के बावजूद अनंगपुर में तोडफ़ोड़ दस्ता पहुंचा और घरों को तोड़ा गया।

## निर्वाचन आयोग के निर्देश दरकिनार, गेस्ट टीचर को बनाया बीएलओ

**फरीदाबाद।** जिले में गेस्ट टीचर को विभिन्न बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी लगाया गया है। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के आदेश के निर्देशानुसार ग्रुप सी या उससे ऊपर के नियमित कर्मचारी को ही बीएलओ लगाया जाना है। जिस कार्यालय में नियमित कर्मचारी नहीं है तो उस अवस्था में आंगनवाड़ी, संविदा शिक्षक या कांट्रैक्ट कर्मचारी को बीएलओ बनाया जा सकता है। जिसके लिए नियमित कर्मचारी का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र कार्यालय द्वारा दिया जाएगा। जिले के विद्यालयों में नियमित शिक्षक होने के बावजूद बूथों पर गैस्ट टीचर की नियुक्ति कर दी गई है।

अतिथि अध्यापक संघ के जिला प्रधान रघु वत्स ने बताया कि अधिकतर बूथों पर गैस्ट टीचर को बीएलओ नियुक्त कर दिया गया है, जबकि विद्यालयों में कई-कई नियमित शिक्षक हैं फिर भी गैस्ट टीचर को बीएलओ बनाया गया है जोकि चुनाव आयोग के निर्देशों की अवहेलना है। विद्यालयों में पहले से ही नियमित शिक्षक हैं तो गैस्ट की ड्यूटी न लगाई जाए। नियमित शिक्षक न होने की अवस्था में ही गैस्ट टीचर को बीएलओ बनाया जाए।

# सैनिक संजय सिंह का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, 14 व 11 साल के बेटे ने दी मुखाग्नि

## ■ भारत माता की जय व संजय सिंह अमर रहे के जयकारों से गूंजा कवारतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

गांव कवारतन निवासी एवं भारतीय सेना के जवान संजय सिंह (40)का लेह-लद्दाख में निधन हो गया। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर गांव में लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सैनिक संजय सिंह के दोनों बेटे हरप्रीत और हर्षप्रीत ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के समय सभी की आंखे नम थी, अंतिम यात्रा में लोगों ने भारत माता की जय, संजय सिंह अमर रहे के नारे लगाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। परिवार के सदस्य जागर सिंह (चाचा के बेटे) ने बताया कि भारतीय सेना की 10 सिख रेजिमेंट में तैनात सैनिक संजय सिंह सैनी की तबीयत ड्यूटी के दौरान अचानक बिगड़ गई, जिसके चलते उनका देहांत हो गया। संजय सिंह वर्तमान में लेह-लद्दाख में तैनात थे। संजय सिंह एक साधारण किसान परिवार से थे। उनके परिवार में पत्नी सीमा देवी, दो बेटे (14 और 11 वर्ष), बुजुर्ग मां और बड़ा भाई है। उनके पिता का निधन पहले हो चुका है। विधायक देवेंद्र हंस, बीजेपी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष ज्योति सैनी तथा जिला प्रशासन की ओर से कैथल एसडीएम अजय सिंह सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर सैनिक संजय सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूरे गांव के साथ-साथ इस मौके पर पूर्व सैनिक एसोसिएशन के सदस्यों, सेना के अधिकारी, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी पहुंचे।




सीवन। वीरांगना सीमा देवी को राष्ट्रीय ध्वज सौंपते सेना के जवान।


सीवन। शहीद पिता के अंतिम दर्शन करते बच्चे।

# गोह पकड़ रहे तीन तस्कर दबोचे गोरक्षकों ने विभाग को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- उमरावत के खेतों में गोह पकड़ रहे थे तीनों आरोपी
- दुर्लभ माने जाने वाले मॉनिटर लिजार्ड के शिकार पर प्रतिबंध

गोरक्षा दल भिवानी की टीम ने बुधवार को गांव उमरावत के खेतों से तीन ऐसे तस्करों को पकड़ा है, जो दुर्लभ मानी जाने वाली गोह (मॉनिटर लिजार्ड) का शिकार कर रहे थे। ये तस्कर गोह को काटकर खाने के लिए पकड़ रहे थे, जिसका खुलासा उन्होंने पूछताछ के दौरान एक वीडियो में स्वयं कबूल भी किया है। फिलहाल गोह तस्करों को वन्य प्राणी विभाग के इंस्पेक्टर देवेंद्र हुड्डा, गार्ड अजय व ड्राइवर मनजीत को सौंप दिया गया है, जिन्होंने गोह तस्करों के खिलाफ मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई की। इस बारे में जानकारी देते हुए गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने बताया कि बुधवार को गौरक्षा दल भिवानी की टीम के सदस्य हर्ष, विशाल, शिवा, शुभम उर्फ छोटू, साहिल, प्रदीप, जयभगवान, कुकी परमार, नरेंद्र व ललित गांव उमरावत के खेतों के आगे से गुजर रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि तीन युवक गोह को पकड़ने का प्रयास कर रहे है। जिसके बाद टीम के सदस्यों ने युवकों को गोह को पकड़ने से रोका तथा उनसे इसका कारण पूछा तो तस्करों ने स्पष्ट कहा कि वे गोह को काटकर खाते है। इस बातचीत की रिकॉर्डिंग टीम के सदस्यों ने वीडियों के माध्यम से भी की।

### सीएम ने जताई चिंता



परमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वे भी मौके पर पहुंचे तथा वन्य प्राणी विभाग को सूचना दी। जिसके बाद वन्य प्राणी विभाग के इंस्पेक्टर देवेंद्र हुड्डा, गार्ड अजय मौके व ड्राईवर मनजीत पर पहुंचे तथा गोह तस्करों पर आगामी कार्रवाई के लिए अपने साथ ले गए। गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने बताया कि गोह एक संरक्षित वन्य प्राणी है और इसका शिकार करना वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत गंभीर अपराध है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि यदि इस प्रकार वन्य प्राणियों को चोट पहुंचाने की सूचना कही से मिले तो तुरंत गौरक्षा दल भिवानी को सूचित करें, ताकि वन्य प्राणियों को बचाया जा सकें।

## वित्तीय शोध कंपनी वायसराय रिसर्च ने लगाए आरोप

# अमेरिकी कंपनी ने वेदांता को 'अस्थिर कर्ज पर टिका ताश का घर' बताया, समूह ने आरोपों को नकारा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी 'वायसराय रिसर्च' ने बुधवार को अरबपति अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली ब्रिटिश कंपनी वेदांता रिसोर्सेज को एक 'परजीवी' बताते हुए कहा कि यह अपनी भारतीय इकाई को 'व्यवस्थित रूप से खत्म' कर रही है। वेदांता समूह ने इन सभी आरोपों को 'चुनिंदा भ्रामक सूचनाओं पर आधारित और आधारहीन' बताते हुए कहा कि इसे समूह से संपर्क किए बगैर तैयार किया गया है। उसने कहा कि इसके पीछे मकसद समूह को बदनाम करने का है। इस अमेरिकी कंपनी ने भारतीय खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड की ब्रिटेन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज के कर्ज के खिलाफ 'शॉर्ट पोजीशन' लेने की बात कही है।

**वेदांता ने सभी आरोपों को भ्रामक और आधारहीन बताया**

### शोध कंपनी ने वेदांता रिसोर्सेज को एक परजीवी बताया

#### कंपनी का कोई महत्वपूर्ण परिचालन नहीं

उसने आरोप लगाया कि यह समूह 'अस्थिर कर्ज, लूटी गई संपत्तियों और लेखांकन संबंधी कपट की नींव पर बना ताश का घर है।' वायसराय रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा, "वीआरएल एक 'परजीवी' मूल कंपनी है जिसका अपना कोई महत्वपूर्ण परिचालन नहीं है, जो पूरी तरह से अपने मरते हुए 'मेजबान' वेदांता लिमिटेड (वीईडीएल) से निकाली गई नकदी पर निर्भर है।"




#### कर्ज कम करने नकदी भंडार खाली कर रही

रिपोर्ट में कहा गया है कि वेदांता रिसोर्सेज अपने कर्ज बोझ को कम करने के लिए वीईडीएल को व्यवस्थित रूप से खाली कर रही है, जिससे परिचालन कंपनी को लगातार बढ़ते ऋणभार को उठाने और अपने नकदी भंडार को समाप्त करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

#### वीईडीएल ने तीन साल में 5.6 अरब डॉलर का दिया लाभांश

'वायसराय रिसर्च ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में वीईडीएल को दिए गए लाभांश पर 5.6 अरब डॉलर की मुक्त नकदी प्रवाह की कमी का सामना करना पड़ा है जबकि वित्त वर्ष 2021-22 से इसका शुद्ध ऋण 6.7 अरब डॉलर (लगभग 200 प्रतिशत) बढ़ गया है। रिपोर्ट कहती है, "वीईडीएल ने अपने नकदी भंडार को खत्म कर दिया है और उधारी जुटाने एवं कार्यशील पूंजी मदों के 'परिसमापन' की अपनी क्षमता भी गंवा दी है।"

**रिपोर्ट केवल झूठे प्रचार के मकसद से जारी**

इसमें कहा गया, "यह रिपोर्ट हमसे संपर्क का कोई प्रयास किए बगैर, केवल झूठे प्रचार के मकसद से जारी की गई है। इसमें सिर्फ पहले से ही सार्वजनिक रूप से उपलब्ध विभिन्न सूचनाओं का संकलन है, लेकिन इसे तैयार करने वालों ने बाजार की प्रतिक्रिया से फायदा उठाने के लिए संदर्भ को सनसनीखेज बनाने की कोशिश की है।"

#### रिपोर्ट के बाद वेदांता का शेयर तीन फीसदी टूट

वेदांता लि. का शेयर बुधवार को तीन प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी वायसराय रिसर्च की रिपोर्ट के बाद कंपनी का शेयर टूटा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उद्योगपति अनिल अग्रवाल का खनन समूह 'वित्तीय रूप से नाजुक स्थिति' में है और उसे कर्ज देने वाले वित्तीय संस्थानों के लिए गंभीर जोखिम की स्थिति बन गयी है। वेदांता ने इन सभी आरोपों को 'भ्रामक सूचनाओं पर आधारित और आधारहीन' बताते हुए कहा कि इसके पीछे मकसद समूह को बदनाम करना है। बीएसई में कारोबार के दौरान यह शेयर 7.71 टूटकर 421 रुपये पर आ गया। बाद में, इसने अपनी अधिकांश खोई हुई स्थिति वापस पा ली और 3.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 440.80 रुपये पर बंद हुआ।

## डोनाल्ड ट्रंप यूं ही नहीं तिलमिलाए, 45 साल में डॉलर का हुआ सबसे बुरा हश्र

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूं ही नहीं तिलमिलाए हुए हैं। मौजूदा साल के पहले हाफ में डॉलर इंडेक्स में 45 साल में ही सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली है। साल 2025 के पहले 6 महीनों में डॉलर इंडेक्स में करीब 11 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। जानकारों की मानें तो 1980 के बाद किसी छमाही में डॉलर इंडेक्स का इतना बुरा हश्र देखने को मिला है। वहीं दूसरी ओर रुपए में भी इस दौरान गिरावट देखने को मिली है, लेकिन इतनी बड़ी नहीं जितनी बड़ी डॉलर में देखने को मिली है। अगर बात बुधवार की ही करें तो डॉलर के मुकाबले में रुपए में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिला। सुबह के समय में रुपए में 20 पैसे से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल रही थी। लेकिन कारोबारी सत्र के अंत तक रुपए में ना सिर्फ अपनी गिरावट को रिकवर किया, बल्कि बढ़त के साथ बंद हुआ।वहीं दूसरी ओर डॉलर इंडेक्स बुधवार को फ्लैट कारोबार करते हुए 97 के लेवल पर दिखाई दिया हो, लेकिन साल के पहले हाफ में इसमें बीते 45 बरस की सबसे बड़ी तबाही देखने को मिली है।

**रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 85.67 प्रति डॉलरः मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को छह पैसे की बढ़त के साथ 85.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर आशावाद एवं जवाबी शुल्क को कुछ और समय के लिए टालने के फैसले से घरेलू मुद्रा को बल मिला।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रविन्द्र उर्फ बाबा पता वीपीओ गिवाना तहसील गोहाना सदर बाजार सोनीपत हरियाणा ने एफआईआर नं 815/2020 धारा 392/397/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रविन्द्र उर्फ बाबा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रविन्द्र उर्फ बाबा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं. 815/2020 धारा 392/397/411/34 भा.द.स. के तहत थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त रविन्द्र उर्फ बाबा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
राजेन्द्र कुमार
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
नार्थ वेस्ट कोर्ट नं.217, द्वितीय तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8958/OD/2025

**उत्तर रेलवे**

**ई–सूचना नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ एस उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी। भारत के राष्ट्रपति की ओर से 02 वर्षों की अवधि के लिए अंबाला मंडल में विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक वैन के एसएलआर/एसएलआरडी कम्पार्टमेंट में पार्सल स्पेस) 4 एमटी/3.9 एमटी (को पट्टे पर देने के अनुबंध के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई–नीलामी लीजिंग के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।, निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र0 सं. | नीलामी केटलाग सं0 | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | UMB-SLR-08-2025 (11 lots) | 28.07.2025/12:00 | 28.07.2025/14:10 |

| SN | Auction Catalogue No. & Train Details. UMB-SLR-08-2025 (11 lots) | Trips/Days |
|---|---|---|
| 1 | 12450 (FSLR-I) | 208 |
| 2 | 14218 (FSLR-I) | 730 |
| 3 | 14242 (FSLR-I) | 730 |
| 4 | 14524 (FSLR-I) | 208 |
| 5 | 12218 (RSLR-I) | 209 |
| 6 | 22356 (RSLR-I) | 209 |
| 7 | 19308 (FSLR-I) | 104 |
| 8 | 12232 (FSLR-I) | 417 |
| 9 | 15904 (FSLR-I) | 209 |
| 10 | 15744 (FSLR-I) | 417 |
| 11 | 54474 (FSLR-I) | 730 |

ई नीलामी में भाग लेने या ईजानकारी अन्य किसी संबंधित से नीलामी जैसे कि एक पंजीकरण बार–एस.बी.आई. चालू खाते को आई.आर.ई.पी.एस. से जोडने पुनग्रहणाधिकार राशि को चिन्हित करने, इत्यादि हेतु, भावी बोलीदाताओं को **www.ireps.gov.in** पर जाने की सलाह दी जाती है। **2057/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अदाणी पावर ने 4000 करोड़ में किया विदर्भ पावर का अधिग्रहण


नई दिल्ली। अदाणी पावर लिमिटेड ने 4,000 करोड़ रुपये में दिवाला प्रक्रिया के जरिये 600 मेगावाट क्षमता वाली विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा होने की घोषणा की। अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने बयान में कहा कि 18 जून 2025 को राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) के लिए उसकी समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। वीआईपीएल का महाराष्ट्र के नागपुर जिले के बुटीबोरी में स्थित 600 मेगावाट का घरेलू कोयला आधारित बिजली संयंत्र (2×300 मेगावाट की इकाइयां) है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### कंपनियों के नतीजों से पहले निवेशक सतर्क

## निवेशकों के सतर्क रुख के बीच सेंसेक्स 176 अंक टूटा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 176 अंक के नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख और कंपनियों के नतीजों से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 176.43 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,536.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 330.23 अंक तक टूट गया था। निफ्टी भी 46.40 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,476.10 अंक पर बंद हुआ।

■ निफ्टी में 46 अंक की गिरावट

सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड शामिल हैं।

## सोना 700 और चांदी 800 रुपये टूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

### कमजोर रुझानों से बाजार में रही गिरावट

कमजोर वैश्विक रुझानों के अनुरूप बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये गिरकर 98,420 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी।वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये गिरकर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। मंगलवार को यह 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।




इसके अतिरिक्त, बुधवार को चांदी की कीमत 800 रुपये गिरकर 1,04,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। जुलाई में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम होने और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में बिकवाली का दबाव देखा गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "अमेरिकी डॉलर मजबूत बना हुआ है और दो सप्ताह के उच्च स्तर के करीब कारोबार कर रहा है। बाजार प्रतिभागियों का अनुमान है कि फेडरल रिजर्व उच्च आयात करों और मजबूत अमेरिकी श्रम बाजार के कारण मुद्रास्फीति में संभावित गिरावट को देखते हुए उच्च ब्याज दरें बनाए रखेगा।"

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा भिवानी | एचटीईटी और किसी अन्य विशेष परीक्षा–2024 हेतु उम्मीदवारों के अंगूठा निशान, बार कोड/क्यूआर कोड्स और फोटोग्राफ्स कैप्चर करने के लिए बायोमैट्रिक मशीनों की स्थापना। | 08.07.2025 14.07.2025 | रु.95,00,000/- | www.bseh.org.in | 9050911877 ascc@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36419/I/88/6 दि. 09.07.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में स्थित सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत और रखरखाव। | 08.07.2025 16.07.2025 | 13.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36433/I/88/6 दि. 09.07.25

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/ एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | NIT NO.PTP/POM-100811. SUB:-SUPPLY OF CW PUMP SPARESFOR250MWUNIT-8, PTPS,PANIPAT.(EVENT NO. 2025_HBC_450597_1) | प्रारम्भ तिथि 04.06.2025 अप. 6.00 बजे और अन्तिम तिथि 23.07.2025 अप. 1.00 बजे। | www.hpgcl.org.in | 0180-2566015 xenmp1.ptps@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36413/I/88/6 दि. 09.07.25

## एनएसईएल के ब्रोकर के लिए 25 अगस्त से निपटान योजना शुरू

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि अब बंद हो चुके नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) मंच पर कारोबार करने वाले शेयर ब्रोकर के लिए 25 अगस्त से एक निपटान योजना की शुरुआत होगी। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक बयान में कहा कि यह निपटान योजना 25 फरवरी, 2026 को समाप्त होगी। इस योजना का उद्देश्य उन शेयर ब्रोकर को निपटान का अवसर मुहैया कराना है जिनके खिलाफ सेबी ने एनएसईएल मंच पर कारोबार करने या कारोबार की सुविधा देने को लेकर आदेश पहले ही पारित किए हुए हैं और जो मामले फिलहाल किसी प्राधिकरण या मंच जैसे न्याय-निर्णय अधिकारी, प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण या अदालतों के समक्ष लंबित हैं। बाजार नियामक ने कहा, "यह निपटान योजना केवल प्रतिभूति कानूनों से संबंधित उल्लंघनों के निपटान के लिए है। इसका उन मामलों से कोई लेना-देना नहीं है जिनकी जांच उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की जा रही है।

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख–सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## सेबी ने दी राइट वॉटर वीडा के आईपीओ को मंजूरी

**नई दिल्ली।** राइट वॉटर सॉल्यूशंस (इंडिया) लिमिटेड और वीडा क्लिनिकल रिसर्च सहित पांच कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने को सेबी की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक ने मंगलवार को एक अपडेट में यह जानकारी दी। एलसीसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, श्रृंगार हाउस ऑफ मंगलसूत्र लिमिटेड और सीडवर्क्स इंटरनेशनल लिमिटेड को भी आईपीओ लाने के लिए सेबी की हरी झंडी मिल गई है। इन पांचों कंपनियों ने जनवरी और फरवरी के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरुआती आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। उन्हें 3-4 जुलाई के बीच नियामक का निष्कर्ष मिला। सेबी की भाषा में निष्कर्ष मिलने का मतलब सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी मिलना है।

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

**निविदा आमंत्रण सूचना**

युगे युगीन भारत संग्रहालय, नई दिल्ली के लिए व्यापक संग्रहालय डिजाइन (वास्तुशिल्पीय और प्रदर्शनी डिजाइन) सेवाओं के लिए डिजाइन परामर्शदाता के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु आग्रह, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 09 जुलाई 2025 को जारी किया गया है।

इच्छुक बोलीदाता **eprocure.gov.in** पर विवरण देख सकते हैं।

**बोली जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि 01 अगस्त 2025 है।**

सीबीसी–09101/11/0010/2526

**उत्तर रेलवे**


**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| PAR-KING | 1 | UMB-Mix-14-2025 | साहिबजादा अजीत सिंह नगर (एसएएसएन) मोहाली रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 2914.55 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन | 16.07.25 12:00:00 |
| | 2 | UMB-Parkg-12-25 | सहारनपुर में टी2 कॉलोनी पार्क के पास कुल 1133 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल (साइट प्लान के अनुसार)। | 17.07.25 12:00:00 |
| | 3 | UMB-Mix-15-2025 | खन्ना रेलवे स्टेशन पर कुल 528.06 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के चार पहिया वाहन पार्किंग स्थल का आवंटन। | 21.07.25 12:00:00 |
| Cate-ring | 4 | UMB-Mix-15-2025 | जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन के पीएफ–02 (10'x6' फीट) पर जीएमयू स्टॉल नंबर 2 | 21.07.25 12:00:00 |
| Pay and Use | 5 | UMB-Mix-14-2025 | शिमला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1ए पर सामान्य पे एंड यूज शौचालय के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए संचालन एवं रखरखाव (ओ एंड एम) अनुबंध। | 16.07.25 12:00:00 |
| | 6 | UMB-Mix-14-2025 | बठिंडा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 5/7 में सामान्य पे एंड यूज शौचालय के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए संचालन एवं रखरखाव (ओ एंड एम) अनुबंध। | 16.07.25 12:00:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **2069/25**

## शब्द पहेली - 5923




**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर–4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी–4)
8.हवा,समीर–3
9.रुष्ट,गुस्सा होना–2
11.सफेद,श्वेत–3
12.हमेशा,सदैव–4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा–2
15.सिर्फ,महज–3
17.अनाज का कण–2
19.आधुनिक,नया–5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा–5
25.सदैव–2
26.ध्वजा–3
27.अधिकार–2
28.असमकक्ष–4
30.चिलमन,नकाब–3
31.वायु रोग–2
33.नल,टोंटी–3
35.आवश्यकता–4
36.शमशीर–4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी–2
3.नीच,अपराधी–4
4.बिजली कौंधना–5
5.बंदर,मर्कट–3
6.जूं का अंडा–2
7.दक्षता,होशियारी–4
10.उपकार,दया भार–4
13.कुचलना,दबाना–3
16.आमदनी–3
17.मूल्य,कीमत–2
18.वाद्य यंत्र–2
20.बहादुरी–3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
22.नाज,नखरा–2
23.उत्तराधिकारी–3
24.आधुनिकता–4
25.झिझकना–5
26.हौसला, ताकत–4
28.शत्रुता,दुश्मनी–4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू–3)
32.पेड़,दरख्त–2
34.औषधि–2

**शब्द पहेली- 5922 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |



# नौसेना को सौंपा गया पोत 'निस्तार'

# गहरे समुद्र में चलाया जा सकेगा गोताखोरी और बचाव अभियान कार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहला स्वदेशी रूप से निर्मित गोताखोरी सहायता पोत 'निस्तार' बुधवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। यह पोत गहरे समुद्र में गोताखोरी और बचाव कार्य करने में सक्षम है और पनडुब्बी बचाव के लिए मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा। 'निस्तार' लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से बना है और इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने डिजाइन किया है और विकसित किया है। यह सरकार के आत्मनिर्भरभारत के दृष्टिकोण और भारतीय नौसेना के पानी के नीचे के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को मजबूत करने के संकल्प के अनुरूप है।

*'निस्तार' पनडुब्बी बचाव के लिए मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा। यह लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से बना है और इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने डिजाइन किया है और विकसित किया है*

**खास बातें**

- जहाज 118 मीटर लंबा, और करीब 10000 टन वजनी
- पानी के नीचे पनडुब्बी में आपातकाल स्थिति में मदद करेगा



### पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन पोत

नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि निस्तार पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित गोताखोरी सहायता पोत है। इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने 8 जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। यह एक खास तरह का पोत है और गहरे समुद्र में गोता लगाने और बचाव का काम करने में सक्षम है। ऐसी क्षमता दुनिया की कुछ ही नौसेनाओं के पास होती है।

### संस्कृत शब्द 'निस्तार' का मतलब बचाव

प्रवक्ता ने बताया कि यह युद्धपोत भारतीय रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के नियमों के अनुसार डिजाइन और बनाया गया है। 'निस्तार' नाम संस्कृत शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ मुक्ति, बचाव या उद्धार होता है। यह पोत गहरे जलमग्न बचाव पोत (डीएसआरवी) के लिए 'मदर शिप' यानी मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा।

### 1000 मीटर गहराई तक बचाव कार्य करेगा

प्रवक्ता ने बताया कि यह जहाज 118 मीटर लंबा है और लगभग 10,000 टन वजन का है, जिसमें अत्याधुनिक गोताखोरी के उपकरण लगे हुए हैं और यह 300 मीटर गहराई तक जटिल इस जहाज में 75 मीटर गहराई तक गोताखोरी के काम के लिए साइड डाइविंग स्टेज भी लगा हुआ है। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि यह पोत गोताखोरों की निगरानी और 1000 मीटर गहराई तक बचाव कार्यों के लिए दूर से नियंत्रित वाहन (रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स) से लैस है।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में अकेले निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस



**मुंबई।** महाराष्ट्र में एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे और पूर्व मुख्यमंत्री राज ठाकरे के साथ आने के बाद कई फैसले कठिन हैं। अटकलों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने पार्टी के निकाय चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। पार्टी निकाय चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला करती है, तो उन्हें आश्चर्य नहीं होगा।

### छांगुर बाबा के सहयोगी पर कसा शिकंजा



**पुणे।** बलरामपुर की इस इमारत के अलावा बाबा ने कई जगहों पर संपत्तियां खरीदी थी। इनमें एक संपत्ति महाराष्ट्र के लोनावाला की है। पुणे जिले के लोनावाला की इस जमीन को छांगुर और नवीन उर्फ जमालुद्दीन के नाम से 2 अगस्त 2023 को खरीदा गया। इस जमीन की कीमत कागजात के हिसाब से 16 करोड़ 49 लाख है। इस जमीन को बेचने वाले शख़्स का नाम मोहम्मद अहमद खान है।

### खराब दाल देख विधायक ने कैंटीन वाले को पीटा



**मुंबई।** विधायकों के लिए बनी एमएलए कैंटीन में खराब खाना परोसे जाने को लेकर बड़ा हंगामा खड़ा हो गया है। शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक संजय गायकवाड़ ने खराब दाल मिलने पर गुस्से में कैंटीन संचालक की जमकर पिटाई कर दी। दाल में बदबू आने के बाद उन्होंने कर्मचारियों से बहस की थी। मामला चर्चगेट इलाके की एमएलए कैंटीन का है।

### हनुमानगढ़ में सड़क हादसे में 3 की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में बुधवार को रोडवेज बस और डंपर की टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई तथा 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा हनुमानगढ़-संगरिया मार्ग पर नगराना गांव के पास उस समय हुआ जब रोडवेज बस बजरी से भरे डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गई। कई लोग घायल हैं।

### जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू और नाहन की जिला अदालतों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। अधिकारी तुरंत हरकत में आए और शिमला, नाहन, कुल्लू और रामपुर की जिला अदालतों के परिसरों को खाली करा लिया गया। पुलिस ने बताया कि बम निरोधक और खोजी कुत्तों के दस्ते तैनात कर दिए हैं।

वोटर वेरिफिकेशन के विरोध में महागठबंधन उतरा सड़कों पर, 7 शहरों में ट्रेनें रोकीं, 12 नेशनल हाईवे जाम, थमी ट्रेनों की रफ्तार

# महाराष्ट्र में धांधली हुई, अब हम बिहार चुनाव में ऐसा नहीं होने देंगे : राहुल गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ पटना/नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में पटना स्थित निर्वाचन आयोग के कार्यालय तक महागठबंधन के मार्च का बुधवार को नेतृत्व किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सुबह राज्य की राजधानी पटना पहुंचे। उनके साथ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव, कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) महासचिव डी राजा और अन्य विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेता भी थे। पटना में आयकर गोलंबर से शुरू हुए विरोध मार्च के दौरान गांधी अन्य नेताओं के साथ एक वाहन पर सवार हुए। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में महागठबंधन द्वारा आहूत राज्यव्यापी बंद के मद्देनजर विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के सड़कों पर उतरने से राज्य के कई हिस्सों में रेल और सड़क यातायात बुधवार को बाधित हो गया।

**चुनाव आयोग के कमिश्नर भाजपा-आरएसएस की तरह बात कर रहे**

■

**वे अब बिहार मॉडल लाए हैं, ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका**

पटना के कई इलाकों के साथ-साथ अररिया, पूर्णिया, कटिहार और मुजफ्फरपुर सहित राज्य के अन्य हिस्सों में भी रेल और सड़क यातायात बाधित किया। कार्यकर्ताओं ने अरवल, जहानाबाद और दरभंगा में भी बिहार बंद के समर्थन में टायर जलाए और सड़कें बाधित कीं।



पूर्णिया से लोकसभा के निर्दलीय सदस्य राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ 'सचिवालय हॉल्ट' रेलवे स्टेशन पहुंचे और उन्होंने रेल यातायात बाधित करने की कोशिश की। यादव के समर्थकों ने पटना के कई इलाकों के साथ-साथ अररिया, पूर्णिया, कटिहार और मुजफ्फरपुर सहित राज्य के अन्य हिस्सों में भी रेल और सड़क यातायात बाधित कर दिया। उन्होंने पटना में पत्रकारों से कहा, "निर्वाचन आयोग मतदाता सूची के अपने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के जरिए प्रवासियों, दलितों, महादलितों और गरीब मतदाताओं से मताधिकार छीन रहा है।

### भाजपा ने 'बिहार बंद' को लेकर इंडी गठबंधन पर किया तीखा हमला

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को कहा कि विपक्षी दलों ने वोटर रिवीजन के मुद्दे पर आज बुधवार कोबिहार बंद बुलाया है, जबकि बृहस्पतिवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। उन्होंने कहा कि तो फिर विपक्षी दल आज सड़क पर उतर कर दबाव बनाने की राजनीति क्यों कर रहे हैं? प्रसाद ने कहा कि सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि देश में सांसद या विधायक कौन बनेगा, इसका फैसला वोटर करते हैं। वोट वही डाल सकता है, जो भारत का नागरिक हो, जिसकी उम्र 18 साल या उससे अधिक हो, और जो सामान्य रूप से उस स्थान का निवासी हो, जहां से वह वोट डालता है। इसलिए वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण हो रहा है, तो इसमें विपक्षी दलों को किस बात की परेशानी है? दूसरी और, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जो कि उनका अधिकार है। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जब कल सुनवाई होनी है, तो फिर विपक्ष आज सड़क पर उतर कर दबाव बनाने की राजनीति क्यों कर रहे हैं?

### बिहार में जारी मतदाता सूची के पुनरीक्षण को दो कार्यकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी

उच्चतम न्यायालय ने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराने के निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ दो सामाजिक कार्यकर्ताओं की याचिका पर सुनवाई के लिए बुधवार को सहमति जताई। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमला बागची की पीठ अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस याचिका पर 10 जुलाई को सुनवाई के लिए सहमत हुयी। इससे पहले अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने मामले पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। ग्रोवर ने कहा कि अरशद अजमल और रूपेश कुमार ने राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के निर्वाचन आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती दी है और इसे दूसरे मामलों के साथ सूचीबद्ध करने का आग्रह किया है। कार्यकर्ताओं ने दलील दी है यह प्रक्रिया संविधान की मूल संरचना की अभिन्न विशेषताओं यानी स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव तथा चुनावी लोकतंत्र के सिद्धांतों को कमजोर करती है।

यूजीसी का उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश


# 'वॉट्सएप ग्रुप' से भी छात्रों को परेशान करना 'रैगिंग' होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे कनिष्ठ छात्रों को परेशान करने के लिए बनाए गए किसी भी अनौपचारिक 'वॉट्सएप ग्रुप' पर नजर रखें। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के 'ग्रुप' को 'रैगिंग' माना जाएगा और 'रैगिंग' रोधी नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यूजीसी को नए छात्रों से हर साल दर्जनों शिकायतें मिलती हैं, जिनमें वरिष्ठ छात्रों द्वारा उन्हें परेशान किए जाने के आरोप लगाए जाते हैं। यूजीसी ने अपने नवीनतम निर्देश में कहा कि कई मामलों में वरिष्ठ छात्र अनौपचारिक वॉट्सएप ग्रुप' बनाते हैं, कनिष्ठ छात्रों से संपर्क करते हैं और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं।

### छात्रों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा



यह भी 'रैगिंग' के समान है और इसके लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिसर में छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। 'रैगिंग' रोधी मानदंडों को लागू करने में विफलता के कारण अनुदान रोकने सहित कड़ी कार्रवाई हो सकती है। परामर्श में उन घटनाओं को भी चिह्नित किया गया है जिनमें कनिष्ठ छात्रों को धमकी दी गई थी कि अगर वे अपने वरिष्ठ छात्रों के निर्देशों का पालन नहीं करेंगे तो उनका सामाजिक बहिष्कार कर दिया जाएगा।

### किसी तरह अपमानित नहीं किया जा सकता

छात्रों को बाल कटवाने के लिए मजबूर करना, लंबे समय तक जगाए रखना या उन्हें मौखिक रूप से अपमानित करने को भी रैगिंग के ही अन्य तरीकों के रूप में वर्णित किया गया है। इसमें कहा गया है कि ऐसे कृत्य शारीरिक और मानसिक कष्ट का कारण बनते हैं और 'रैगिंग' विरोधी नियमों का गंभीर उल्लंघन हैं तथा पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। इस पर सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।

मप्र, गुजरात और राजस्थान की महिलाओं ने बताई सफलता की कहानी

# धार की रुचिका ने बताया-2508 महिलाएं मुझसे जुड़ी, सालाना 15 करोड़ रुपये की कमाई

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान की महिलाओं और सहकारी कार्यकर्ताओं के साथ बात की। इस कार्यक्रम का नाम 'सहकार संवाद' रखा गया। इस दौरान सहकारी क्षेत्र की महिलाओं ने सफलता की कहानी बताई। मप्र के धार जिले के नालछा की महिला किसान रूचिका परमार ने अमित शाह को उन्नत खेती से हुए फायदे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उनके साथ 2508 महिलाएं जुड़ी हैं। वे खाद और ऋण वितरण का काम करती हैं, जिससे सालाना 15 करोड़ रुपए की कमाई होती है। वह मैरिज गार्डन बनाना चाहती हैं। इस पर शाह ने कहा कि डिटेल दो, लोन दिलवाएंगे। गुजरात की मीरल बहन ने बताया कि उनके साथ 360 परिवार ऊंटनी के दूध का काम करते हैं। इससे अच्छी कमाई हो रही है। मीरल ने रिसर्च की जरूरत बताई, जिस पर अमित शाह ने कहा कि तीन संस्थान इस पर पहले ही रिसर्च शुरू कर चुके हैं।





**राजनीति से संन्यास लेने के बाद यह करेंगे शाह**

### वेदों-उपनिषदों का अध्ययन करेंगे व प्राकृतिक खेती के लिए काम करेंगे

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अपने रिटायरमेंट की योजना का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि रिटायर होने के बाद वे अपना जीवन प्राकृतिक खेती को समर्पित करेंगे। अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा कि वेदों-उपनिषदों का अध्ययन करेंगे और प्राकृतिक खेती के लिए काम करेंगे। उन्होंने प्राकृतिक खेती को वैज्ञानिक प्रयोग बताते हुए इसके फायदों पर जोर दिया। उन्होंने कहा है कि मैंने तय किया है कि जब भी रिटायर हो जाऊंगा, तो मैं बाकी का जीवन प्राकृतिक खेती के काम में लगा दूंगा। शाह ने कहा कि उर्वरक वाला गेहूं खाने से कैंसर होता है। बीपी बढ़ता है। थायरॉइड की प्रॉब्लम होती है। खाने वाले शख्स के शरीर को अच्छा बनाए रखने के लिए बिना फर्टिलाइजर वाला भोजन करना जरूरी है, अगर ऐसा होगा तो इसका मतलब दवाइयों की जरूरत ही नहीं होगी।

### नड्डा ने हिमाचल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा अपने हिमाचल प्रदेश दौरे के दौरान मंडी जिला के उन क्षेत्रों में गए जहां भारी बारिश के कारण बहुत बड़ा नुकसान हुआ, नाचन, पंगलियूर, बागा, सैंज, थुनाग जैसे इलाके बहुत महत्वपूर्ण है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दौरे के दौरान नड्डा ने उन लोगों के साथ मुलाकात की, जो अपना 100 फीसद घर जमीन खो चुके हैं और ऐसी भी लोग जिन्होंने इस त्रासदी के दौरान अपने माता-पिता को खो दिए। इसका एक उद्धरण नाचन विधान सभा क्षेत्र के पुष्प राज और तिलक राज है। इस दौरान जगत प्रकाश नड्डा उन कैंपों में भी गए जहां पर तरसती प्रभावित लोग रह रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की सबसे पहले अगर किसी राजनीतिक दल ने जनता को राहत पहुंचाने का काम किया तो वह भाजपा है, सारे प्रदेश ने मिलकर इस राहत कार्य में अपना अंशदान दिया है। जनता के सहयोग से विभिन्न सेवा केंद्र चल रहे हैं और भाजपा ने अग्रिम भूमिका में रहते हुए अन्न, ठहराव, रोजमर्रा की वस्तुओं का तीव्र गति से एकत्रीकरण कर प्रभावितों को पहुंचाने का कार्य किया।

बॉम्बे हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

# पत्नी के चरित्र पर शक बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने का आधार नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने कहा है कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह है, उसके नाबालिग बच्चे का पितृत्व निर्धारित करने के लिए डीएनए परीक्षण कराने का आधार नहीं बनता। एक पारिवारिक कोर्ट की ओर से नाबालिग लड़के का डीएनए परीक्षण कराने के आदेश को रद्द करते हुए न्यायमूर्ति आरएम जोशी ने कहा कि ऐसी आनुवंशिक जांच केवल असाधारण मामलों में ही कराई जा सकती है। न्यायमूर्ति जोशी ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति व्यभिचार के आधार पर तलाक का हकदार होने का दावा करता है या चरित्र पर शक होने को अपना आधार मानता है तो डीएनए परीक्षण कराने का आदेश देने का कोई उचित मामला नहीं बनता।

**फरवरी 2020 में पारित आदेश को चुनौती दी गई थी याचिका में**

### किसी अन्य साक्ष्य की जरूरत बताया



कोर्ट के आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। हाईकोर्ट ने कहा कि क्या यह डीएनए परीक्षण का आदेश देने का उचित मामला है। इसका स्पष्ट उत्तर नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि अगर पत्नी के चरित्र पर सवाल है तो बच्चे का पितृत्व परीक्षण कराने के बजाए इसे किसी अन्य साक्ष्य से साबित किया जा सकता है। यह आदेश एक व्यक्ति की अलग रह रही पत्नी और उसके 12 वर्षीय बेटे की ओर से दायर याचिका पर दिया। याचिका में एक पारिवारिक अदालत की ओर से फरवरी 2020 में पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। पितृत्व का फैसला करने डीएनए परीक्षण कराने का निर्देश दिया गया था।

दिव्यांगजनों के लिए सरकार के नए नियम


# अब बिना आधार नहीं मिलेगा कौशल विकास योजना का फायदा

स्कूल दस्तावेज, जन्म प्रमाणपत्र या अभिभावकता के पेपर मान्य होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र की कौशल विकास योजना में अब आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। इस योजना के तहत किसी भी लाभार्थी को तब तक नकद लाभ नहीं मिलेगा जब तक वे अपना आधार नंबर या उसका पंजीकरण प्रमाण नहीं देंगे। योजना के तहत ट्रांसपोर्ट अलाउंस, बोर्डिंग-लॉजिंग, पोस्ट-प्लेसमेंट सहायता आदि पाने के लिए आधार नंबर देना या उसके लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा। यह नियम 2 जुलाई 2024 से प्रभावी हो गया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जिनके आधार नहीं है, उन्हें वंचित नहीं किया जाएगा। उन्हें पहचान के लिए स्कूल दस्तावेज, जन्म प्रमाणपत्र देना होगा।



### जानकारी देने को मीडिया कैंपेन चलाया जाएगा

मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि लोगों को इस बदलाव की जानकारी देने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसमें बताया जाएगा कि कैसे लाभार्थी आधार के बिना भी अस्थायी तौर पर पहचान साबित कर सकते हैं और आगे जाकर योजना का पूरा लाभ ले सकते हैं।

**योजना का मकसद योग्य बनाना**

विकलांग व्यक्तियों के कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना साल 2015 में शुरू हुई थी। इसका मकसद दिव्यांगजनों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार योग्य बनाना है। यह योजना एसआईपीडीए एक्ट के तहत आती है और देशभर में इसके तहत लाखों लोग लाभ पा चुके हैं।

### बायोमीट्रिक फेल हो तो मिलेंगे अन्य विकल्प

अगर आधार ऑथेंटिकेशन बायोमीट्रिक वजहों से फेल हो जाता है, तो ओटीपी, क्यूआर कोड स्कैन या ऑफलाइन ई-केवाईसी जैसे विकल्पों से पहचान की जा सकती है। इसके लिए यूआईडीएआई से मंजूरी ली गई है और संबंधित अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। मंत्रालय ने सभी कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे दिव्यांगजनों के लिए सुगम स्थानों पर आधार नामांकन केंद्र खोलें या खुद रजिस्ट्रार बनें, ताकि इन लोगों को कोई असुविधा न हो। यह कदम आधार नामांकन और अपडेट प्रक्रिया को तेज करने के लिए उठाया गया है।

पंजाब के मंत्रियों-अफसरों से पैसे मांगे

# सिसोदिया का फर्जी पीए बनकर रेवाड़ी के युवक ने की ठगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के युवक ने आप नेता एवं दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का पुराना नंबर एक्टिव करके ठगी करने की कोशिश की। उसने खुद को सिसोदिया का पीए बताकर पंजाब के मंत्रियों, अफसरों से पैसे मांगे। हालांकि किसी ने उसे पैसे दिए नहीं। पंजाब की पटियाला पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी जय कृष्ण भारद्वाज हरियाणा में रेवाड़ी के धारूहेड़ा का रहने वाला है। वह पहले भी सीबीआई अफसर बनकर ठगी कर चुका है। पुलिस के मुताबिक जून महीने में फर्जी तरीके से शातिर अपराधियों की जमानत करवाने से जुड़ा केस सामने आया था। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि यह लोग रेवन्यू डिपार्टमेंट के फर्जी दस्तावेज तैयार कर ठगी करते थे। इनका मास्टरमाइंड जय कृष्ण है। जब उसे अरेस्ट किया तो उसके पास 5-6 मोबाइल मिले। फोरेंसिक जांच में एक मोबाइल से सिसोदिया का पुराना नंबर मिला।

## चिंतन

# बार-बार क्रैश क्यों हो रहे हैं वायुसेना के लड़ाकू जगुआर

सैनिक की देश की सुरक्षा में सबसे अहम कड़ी है। एक सैनिक को खोना महज किसी एक व्यक्ति की जान जाना नहीं, बल्कि सुरक्षा रूपी चैन की एक कड़ी टूटने जैसा होता है। इससे एक- एक परिवार, एक समाज और एक देश को नुकसान होता है। अगर सैनिक की जान दुश्मन से युद्ध करते हुए जाए जो शहादत कहलाती है। जिस पर पूरे देश को गर्व होता है, लेकिन अगर देश में ही किसी हादसे में सैनिक को खो दिया जाए तो आघात से कम नहीं होता। आजकल देश को ऐसे ही आघात भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान जगुआर दे रहा है। मंगलवार को एक और जगुआर राजस्थान के चुरू जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस साल जगुआर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की यह तीसरी घटना है। इससे जगुआर विमानों के बेड़े की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। पहले मार्च में हरियाणा के पंचकुला में और अप्रैल में गुजरात के जामनगर के पास ऐसे हादसे हुए थे। जगुआर विमान पिछले 40 सालों से भारतीय वायुसेना का हिस्सा हैं। विमानों के पुराने होने और बार-बार दुर्घटनाओं के कारण इनकी उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं। असल में, जगुआर विमानों के बार-बार दुर्घटनाग्रस्त होने से इनकी सुरक्षा और इस्तेमाल पर चिंता बढ़ गई है। ये विमान 40 साल से भी ज़्यादा समय से इंडियन एयरफोर्स में हैं। जगुआर को 1960 के दशक में बनाया गया था। यह दो इंजन वाला, सुपरसोनिक हमला करने वाला विमान है। एक समय में यह एयरफोर्स का मुख्य विमान था। भारतीय वायुसेना में कुल 145 जगुआर विमान शामिल किए गए थे। पहले 40 विमान 1979 में ब्रिटेन से लाए गए थे। इन विमानों को शमशेर नाम दिया गया था, जिसका मतलब है न्याय की तलवार। बाकी विमानों को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने यह काम ब्रिटेन से तकनीक लेकर किया था। 2008 तक भारत में जगुआर विमान बनते रहे, लेकिन वो चल अब तक रहे हैं। माना जा रहा है कि तकनीक पुरानी होने के कारण जगुआर अब मिग-21 जैसा हो गया है और वायुसेना के पायलटों के लिए काल बनता जा रहा है। जगुआर विमानों के इंजन ठीक से काम नहीं करते हैं और इस वजह से कई दुर्घटनाएं हुई हैं। कई पायलटों और रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि जगुआर विमानों में लगे रोल्स-रॉयस-टर्बोमेका अदौर एमके 811 इंजन की वजह से ऐसा होता है। इन इंजनों में पर्याप्त शक्ति नहीं है, जिससे विमान की गति, मुड़ने की क्षमता और हथियार ले जाने की क्षमता प्रभावित होती है। यही कारण है कि बीते महज पांच माह में ही 3 जगुआर क्रैश हो चुके हैं। जो विमान दुश्मनों को लोहे के चने चबवाने के लिए लिया गया हो और वो अपने ही सैनिक की सुरक्षा के लिए खतरा बन जाए तो विषय और भी गंभीर हो जाता है। लगातार सवाल उठ रहा है कि क्या यह विमान समय के साथ अपनी उपयोगिता खो चुका है? लगातार हो रही तकनीकी दिक्कतें और दुर्घटनाएं इस ओर इशारा कर रही हैं कि जगुआर जैसे पुराने विमानों को सेवा से हटाने का समय आ गया है। हर हादसे के बाद वायुसेना तकनीकी जांच कराती है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाती है। इस हादसे की जांच रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा कि हादसे की वजह पायलट की त्रुटि थी, तकनीकी खामी या कोई और कारण। लेकिन यह तय है कि एक ही साल में तीन बार एक ही श्रेणी का विमान दुर्घटनाग्रस्त होना सामान्य बात नहीं है। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा, क्योंकि देश अपने सैनिकों की सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकता।

# वैकल्पिक आर्थिकता का प्रतीक ब्रिक्स



सम्मेलन
प्रभात कुमार रॉय

वर्ष 2009 में ब्राजील, रूस, भारत, चीन तथा दक्षिण अफ्रीका द्वारा ब्रिक्स को बाकायदा स्थापित किया गया था। ब्रिक्स गठबंधन आधुनिक दौर में विश्व पटल पर सबसे तेज गति से बढ़ती हुई वैकल्पिक अर्थव्यवस्था का प्रतीक बन रहा है। ब्रिक्स का वास्तविक कामयाब भविष्य इस पहल पर निर्भर करता है कि सदस्य देश अपने आंतरिक अंतर्विरोधों और मतभेदों को कितनी अच्छी तरह से सुलझा पाते हैं और किस सूझबूझ से अपनी प्रबल आर्थिक शक्ति का समुचित फायदा उठा पाते हैं। विश्व पटल पर ब्रिक्स को अगर कामयाब बनाना है तो फिर उसके प्रमुख सदस्य देश भारत और चीन को अपने सभी विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाना पड़ेगा।

वर्ष 2025 का 17वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ब्राजील के रियो डी जेनेरिया नगर में 6 और 7 जुलाई को संपन्न हुआ। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के कामयाब समापन के तत्पश्चात राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर से एक बार ब्रिक्स संगठन पर हल्ला बोल दिया। ब्रिक्स के विरुद्ध बेहद बौखलाए हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐलान कर दिया कि ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत और अधिक टैरिफ आयाद कर दिया जाएगा। 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय रहा - वैश्विक दक्षिण सहयोग को अधिक समावेशी और टिकाऊ शासन के लिए मजबूत बनाना। शिखर सम्मेलन के पटल पर जो तस्वीर उभर कर सामने आई है, उसने तो सबको आश्चर्यचकित कर दिया। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और इजिप्ट के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सिसी ब्रिक्स सम्मेलन में शिरकत करने के लिए नहीं पधारे। कुछ अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का कहना है कि शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनुपस्थिति वस्तुतः ब्राजील के वामपंथी राष्ट्रपति लूला डीसिल्वा के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका है। क्योंकि ब्राजील का चीन सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार देश है और ब्रिक्स के बुनियादी ढांचे को सबसे अधिक वित्त पोषण भी चीन द्वारा प्रदान किया जाता है। वर्ष 2009 में ब्राजील, रूस, भारत, चीन तथा दक्षिण अफ्रीका द्वारा ब्रिक्स को बाकायदा स्थापित किया गया था। ब्रिक्स गठबंधन आधुनिक दौर में विश्व पटल पर सबसे तेज गति से बढ़ती हुई वैकल्पिक अर्थव्यवस्था का प्रतीक बन रहा है।

ब्रिक्स शब्द का प्रयोग सबसे पहले ब्रिटिश अर्थशास्त्री ने वर्ष 2001 में विश्व पटल पर ब्राजील, रूस, भारत और चीन की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के लिए किया था। पहला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2009 में रूस में आयोजित किया गया। ब्रिक्स को पश्चिम के आर्थिक प्रभुत्व को चुनौती प्रस्तुत करने वाला एक गठबंधन करार दिया गया है। वर्ष 2025 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूस, चीन, ईरान और इजिप्ट के सर्वोच्च लीडरों की विस्मयकारी अनुपस्थिति द्वारा ब्रिक्स के भविष्य पर क्या प्रश्न चिन्ह खड़ा नहीं कर दिया है? चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची इस सम्मेलन में शिरकत के लिए अवश्य आ गए। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने गर्मजोशी के साथ ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लिया। भारत के लिए इस सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही कि ब्रिक्स द्वारा जारी किए गए साझा घोषणा पत्र में प्रत्येक कोटि के आतंकवाद को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। संयुक्त बयान में 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में अंजाम दिए गए नृशंस दहशतगर्द हत्याकांड की कड़े शब्दों में निंदा की गई। उल्लेखनीय है शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में तैयार किए गए साझा बयान में पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिए गए जफर एक्सप्रेस अपहरण कांड को आतंकवादी वारदात निरूपित करते हुए उल्लेख किया गया था, किंतु जम्मू कश्मीर के पहलगाम में नृशंस हत्याकांड को एकदम नजरअंदाज कर दिया गया था। 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन द्वारा जारी साझा बयान को भारत की



कूटनीतिक विजय के तौर पर देखा जाना चाहिए। इस सम्मेलन के घोषणा पत्र में वैश्विक शासन में सुधार करने से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्थिरता पर जोर दिया गया है। साथ ही एक तरफा टैरिफ और नॉन टैरिफ जैसे मुद्दों पर भी गहन चर्चा की गई। हालांकि ब्रिक्स घोषणा पत्र में इस संदर्भ में अमेरिका का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के चरित्र और कार्यकलापों पर एक जबरदस्त तंज कस दिया। नरेंद्र मोदी ने फरमाया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में जहां प्रत्येक सप्ताह नई तकनीक अपडेट की जाती रहती है, यह कदाचित स्वीकार्य नहीं है कि कोई वैश्विक संगठन 80 साल में एक बार भी अपडेट नहीं किया जा सका। 20वीं शताब्दी के टाइप राइटर से 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को कदापि नहीं चलाया जा सकता। नरेंद्र मोदी ने अपनी तकरीर में आगे कहा कि 20वीं सदी में गठित वैश्विक संस्थानों में मानवता के दो तिहाई हिस्से को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं प्रदान किया गया है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देने वाले देशों को वैश्विक संगठनों में निर्णय करने वाली मेजों पर कोई जगह प्रदान नहीं की गई है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का सवाल नहीं है बल्कि वैश्विक विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी प्रश्न है। ग्लोबल साउथ की मौजूदगी के अभाव में वैश्विक संस्थाएं सिम कार्ड वाले मोबाइल की तरह प्रतीत होती हैं जिन में नेटवर्क ही कार्य नहीं करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक ब्रिक्स का समुचित विस्तार और नए मित्र देशों का इसमें निरंतर जुड़ते जाना इस बात का प्रमाण है कि ब्रिक्स एक ऐसा संगठन है, जो कि वक्त के मुताबिक खुद को निरंतर परिवर्तित कर सकता है। अब हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन और बहुपक्षीय विकास बैंकों जैसी वैश्विक संस्थानों में भी ब्रिक्स देशों को एकजुट होकर प्रबल इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना होगा। ब्रिक्स सम्मेलन के अवसर पर अमेरिका से मात्र 90 मील की दूरी पर स्थित अमेरिका के ध्रुव विरोधी देश क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कैनल बरमूडेज से द्विपक्षीय मुलाकात अंजाम दी और दोनों देशों के मध्य परस्पर सहयोग को और अधिक बढ़ाने की पैरवी की। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन तथा साउथ अफ्रीका संस्थापक सदस्य देश हैं। इसके बाद इजिप्ट, इथोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया को ब्रिक्स का सदस्य देश बनाया गया। क्यूबा और बोलीविया ब्रिक्स के साझेदार देश हैं। ब्रिक्स विश्व पटल पर सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति वाला अंतरराष्ट्रीय संगठन है। समकालीन दुनिया में अमेरिका और पश्चिम देशों का आर्थिक और सैन्य दबदबा कायम बना रहा है। इस दुनिया में ब्रिक्स की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। उल्लेखनीय है कि विश्व व्यापार संगठन में भी सदैव अमेरिका और पश्चिमी देशों का प्रभुत्व कायम रहा है। ब्रिक्स के देश इस प्रभुत्व को मिलकर चुनौती दे सकते हैं। ब्रिक्स का वास्तविक कामयाब भविष्य इस पहल पर निर्भर करता है कि सदस्य देश अपने आंतरिक अंतर्विरोधों और मतभेदों को कितनी अच्छी तरह से सुलझा पाते हैं और किस सूझबूझ से अपनी प्रबल आर्थिक शक्ति का समुचित फायदा उठा पाते हैं। विश्व पटल पर ब्रिक्स को अगर कामयाब बनाना है तो फिर उसके प्रमुख सदस्य देश भारत और चीन को अपने सभी विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाना पड़ेगा। चीन को अपनी विस्तारवादी फितरत से भी तौबा करनी होगी। दोनों देशों के मध्य बिगड़े हुए व्यापार संतुलन को भी ठीक से कायम करना पड़ेगा। चीन और रूस के सर्वोच्च लीडरों की मौजूदगी नहीं होने के बावजूद ब्रिक्स का रियो डी जेनेरियो सम्मेलन अत्यंत कामयाब रहा।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## गुरु पूर्णिमा
अखिलेश आर्येन्दु



# वैदिक ऋषियों, गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व

कहा जाता है भारत पर्वों, त्योहारों और उत्सवों का देश है। वर्ष के बारह महीने हर दिन कोई न कोई पर्व, त्योहार या उत्सव होता ही है। इसी में गुरु पूर्णिमा भी एक है। गुरु पूर्णिमा आध्यात्मिक गुरु के साथ-साथ अकादमिक गुरुओं के सम्मान में मनाया जाने वाला पर्व या उत्सव है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने वाले इस पवित्र उत्सव में विद्या और ज्ञान के महत्व को प्रकट किया जाता है। मान्यताओं के अनुसार महर्षि वेद व्यास को विष्णु ने चारों वेदों का ज्ञान दिया था। इसलिए संसार का प्रथम गुरु वेद व्यास को माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा, सेवा और आशीर्वाद से व्यक्ति का जीवन सफल हो जाता है। लोक मान्यताओं के अनुसार इस दिन महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे वेद व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। बौद्ध मतानुयायी भगवान बुद्ध की याद में गुरु पूर्णिमा को मनाते हैं। इस दिन बुद्ध ने पहली बार सार नाथ वाराणसी में उपदेश दिया था। पौराणिक कथा है कि भगवान शिव ने शप्तऋषिओं को इसी दिन उपदेश दिया था। इस तरह तमाम पौराणिक और ऐतिहासिक संदर्भ गुरुपूर्णिमा से ताल्लुक रखते हैं। ज्ञान, विद्या, धर्म और सांस्कृतिक सम्बन्धों में ये पर्व और उत्सव अपनी खास अहमियत रखते हैं। सबसे अहम बात यह है कि ये पर्व व उत्सव किसी न किसी खास विषय से जुड़े हुए हैं। गुरु पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा भी एक ऐसा ही पर्व और उत्सव है जो विद्या देने वाले गुरु और विद्या ग्रहण करने वाले शिष्य के पावन सम्बन्धों की पावन अभिव्यक्ति है।

मनुस्मृति में इस दिन को उपाकर्म का दिन कहा गया है। यह श्रावणी का प्रारम्भ भी माना जाता है। इसे वेद रक्षक ऋषियों को समर्पित शुभ दिन के रूप में माना जाता है। चातुर्मास की परम्परा में चार महीने वैदिक ग्रंथों के स्वाध्याय के लिए बनाए गये। इसलिए चातुर्मास का प्रारम्भ भी इसी के दौरान हुआ करता था। संस्कृत व्याकरण व भाषा के मुताबिक गुरु वह शब्द है जो ज्ञान, प्रेरणा और मार्गदर्शन का प्रतिबिम्ब है। वेद में ईश्वर को सबसे बड़ा और महतोमहान गुरु कहा गया है। जो मानव की अज्ञानता, दरिद्रता और दुख दूर करने वाला है। संसार में चारों तरफ अंधियारा, अज्ञानता और दुख छाया हुआ है। इन्हें दूर करने के लिए गुरु या मार्गदर्शक की जरूरत पड़ती है। सभी तरह के गुरुजनों को सम्मान देना और उनके प्रति हमेशा कृतज्ञता का भाव बनाए रखना शारीरिक तप कहा जाता है। इसलिए गुरु पूर्णिमा तप करने का पर्व भी है। हमारी संस्कृति में अनेक प्रतीकों और चिंहों का खास महत्व है। इन्हीं प्रतीकों में जनेऊ या यज्ञोपवीत भी एक है। यज्ञोपवीत तीन धागों से बनता है। इन तीन धागों में जन्म से लेकर मृत्यु तक जिन तीन गुरुओं का ऋण सबसे ज्यादा होता है वे हैं- माता-पिता, विद्या या शिक्षा देने वाले गुरु और परम्परा से ज्ञान दे रहे हमारे ऋषि-मुनि। जनेऊ के इन तीन धागों में इन तीन गुरुओं के प्रति कृतज्ञता का बोध होता है। गुरु पूर्णिमा के दिन इन तीनों के प्रति कृतज्ञता जताने की परम्परा रही है। आधुनिक समय में गुरु-शिष्य की वैदिक परंपरा भले ही न दिखाई देती हो लेकिन अध्यापक और छात्र का रिश्ता तो है ही। इस रिश्ते की अपनी खास अहमियत है। दोनों के जो कर्तव्य हैं, उन कर्तव्यों का पालन दोनों को करना चाहिए। समाज में आदर्श, शांति, प्रेम, सहिष्णुता और शुभत्व को बढ़ाने के लिए जरूरी है कि दोनों अपने धर्म का ईमानदारी से पालन करें। समाज में विश्वास, परोपकार और सुचिता का माहौल कायम करने के लिए भी जरूरी है गुरु-शिष्य के रिश्ते को पवित्र भाव से निभाया जाए। संत कबीर कहते हैं- गुरु बिन ज्ञान न उपजै, गुरु बिन मिले न मोष। गुरु बिन लखै न सत्य को, गुरु बिन मिटै न दोष। कहने का भाव यह है कि जिसमें हर तरह की गुरुता यानी बड़प्पन और धैर्य धारण करने वाला हो और शिष्य के कल्याण को हो अपने जीवन का मकसद समझता हो, वह ही सच्चा गुरु हो सकता है। इसी तरह शिष्य को भी चाहिए कि वह सीखने, ग्रहण करने और हर अच्छी बात व ज्ञान को ग्रहण करने के लिए हमेशा तैयार रहे। दोनों में, दूसरे के प्रति सज्जनता का भाव हो।वैदिक परम्परा में गुरु की अहमियत सर्वोपरि है, लेकिन यह तभी असरदायक होगा, जब गुरु के सच्चे ज्ञान को हर व्यक्ति अमल में लाए। इससे समाज, संस्कृति, साहित्य और विज्ञान का तो भला होगा ही, मानवता की कमजोर होती धारा को फिर से ताकत मिल सकेगी। गुरु पूर्णिमा पर खास आयोजन वैदिक गुरु-शिष्य परंपरा के अनुसार होना चाहिए। इससे ज्ञान, विज्ञान, भाषा, संस्कार, साहित्य और मूल्यों को फिर से समाज में स्थापना और अपरा विद्या को सबको सुखी बनाने के लिए जीवित करना जाहिए। इससे मानवता का भला होगा ही और एक आदर्श समाज बनाने में मददगार हो सकती है।

(लेखक साहित्यकार, संस्कृतिवेत्ता व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भक्ति करने से हमें लड़ने की मिलती है शक्ति



संकलित
## दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

# अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोकें



संकलित
## प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विमानन क्षेत्र में सुधार-समीक्षा की दरकार

हाल ही में अहमदाबाद हवाई अड्डे पर बोइंग विमान से जुड़ी एक घटना ने वैश्विक विमानन उद्योग, विशेषकर बोइंग की विश्वसनीयता पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीकी दिग्गज बोइंग के विमान लगातार दुर्घटनाओं के घेरे में क्यों आते जा रहे हैं। बोइंग विमान को लेकर उठ रहे प्रश्न केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संपूर्ण विमानन प्रणाली, उसकी निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करते हैं। नागरिक विमानन महानिदेशालय को चाहिए कि वह बोइंग विमानों की संपूर्ण सुरक्षा समीक्षा करवाए, पुराने मॉडलों की जांच कराए और तय करे कि तकनीकी संदिग्ध विमान को उड़ान से पहले दोबारा जांचा जाए।

*- विकास शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन के पूर्व पीएम सुनक बैंकिंग जगत में वापस लौटे

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बैंकिंग जगत में वापस आ गए हैं और उन्होंने गोल्डमैन सैक्स समूह में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में नयी भूमिका संभाली है। सुनक अपनी आय को उस शिक्षा चैरिटी को दान करने की योजना बना रहे हैं जिसे उन्होंने हाल ही में अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ मिलकर स्थापित किया है। राजनीति में प्रवेश करने से पहले सुनक ने अमेरिका स्थित बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक में काम किया था। यह घोषणा पिछले वर्ष चार जुलाई को आम चुनाव में हार के बाद ब्रिटिश भारतीय नेता के मंत्री पद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद आवश्यक 12 महीने की अवधि बीत जाने के बाद की गयी। ब्रिटेन की व्यावसायिक नियुक्तियों पर सलाहकार समिति, जिसे पूर्व मंत्रियों द्वारा पद छोड़ने के बाद कम से कम दो वर्षों तक लिए जाने वाले किसी भी पद को मंजूरी देना आवश्यक होता है, ने कुछ शर्तों के साथ अपनी स्वीकृति दी। इन शर्तों का उद्देश्य "सरकार के लिए संभावित जोखिमों को कम करना" है, जो कि पूर्व प्रधानमंत्री के रूप में सुनक को प्राप्त विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी तक उनकी पहुंच से संबंधित हैं। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि उनकी नयी नौकरी से मिलने वाला वेतन धर्मार्थ संस्था 'रिचमंड प्रोजेक्ट' को दिया जाएगा जिसकी घोषणा इस वर्ष की शुरुआत में मूर्ति के साथ एक संयुक्त पहल के रूप में की गई थी।



## ऑफ बीट

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन ज़िम्मेदार हैं

पहले कैंसर को आमतौर पर बुज़ुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है।



आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है – जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मात्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है। जब भी शरीर में नई कोशिका बनती है, तो डीएनए की एक नई प्रति भी बनती है। कभी-कभी संयोगवश गलतियां हो जाती हैं, जिससे म्युटेशन हो सकता है। इसे आप ऐसे समझें जैसे एक फोटोकॉपी की फोटोकॉपी बनाना। इस प्रक्रिया में हर प्रति दूसरे से थोड़ी भिन्न होती है। ज्यादातर डीएनए म्युटेशन हानिरहित होते हैं। लेकिन शरीर में हर दिन अरबों कोशिकाएं बनती हैं। इसलिए जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में डीएनए की प्रतियों की संख्या बढ़ती जाती है, जिससे गलतियां होने की संभावना भी बढ़ जाती है।

## ट्रेंड

### ब्राजील का आभार



मुझे 'द ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किए जाने पर गर्व है। राष्ट्रपति लूला, सरकार और ब्राजील के लोगों के प्रति आभार। यह दिखाता है कि ब्राजील के लोगों का भारत के लोगों के प्रति कितना गहरा लगाव है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



ज्ञान, शील, एकता के मंत्र के साथ राष्ट्रीयता के विचारों को लेकर आगे बढ़ते रहने वाले, विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अभाविप के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। अनेक ख्याति प्राप्त लोगों के व्यक्तित्व का निर्माण इस संगठन से हुआ है।

-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

### संविधान-विरोधी ताक़तें



महाराष्ट्र में जनादेश छीना, अब बिहार में मताधिकार - तरीका नया, साज़िश पुरानी। हम इन संविधान-विरोधी ताक़तों को बेनक़ाब करते रहेंगे - जनता और युवाओं के साथ मिलकर मुंहतोड़ जवाब देंगे।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### कंटेंट व्यवसाय में एआई



कंटेंट व्यवसाय के लोग एआई द्वारा लाए जा रहे बड़े बदलावों से बहुत अनजान हैं। या तो हम बदलाव से डरते हैं, या रेत में सिर छिपाए बैठे हैं। एआई सबसे लोकतांत्रिक तकनीक है। अगर आप कंटेंट व्यवसाय में गेटकीपर हैं, तो आप टिक नहीं पाएँगे।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### भारत के एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण स्पर्धाओं में से एक रेस अराउंड पोलैंड (आरएपी) में 10 दिनों से भी कम समय में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। ग्वाइट ने 3,600 किलोमीटर की दूरी 237 घंटे (नौ दिन, 21 घंटे) में पूरी करके 274 घंटे के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ा। इस स्पर्धा में 60 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय अल्ट्रा-साइकलिस्टों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने अकेले और बिना किसी सहायता के प्रतिस्पर्धा की। कोई टीम कार और कोई बाहरी सहायता नहीं थी। आरएपी को यूरोप की सबसे कठिन अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिंग स्पर्धाओं में से एक माना जाता है और यह 'रेस अक्रॉस अमेरिका' के लिए एक क्वालीफायर है।

### 29 अगस्त से शुरू होगा प्रो कबड्डी लीग

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि इसका 12वां चरण 29 अगस्त से शुरू होगा। नए सत्र में मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स अपने खिताब का बचाव करने की कोशिश करेगी। आयोजकों ने कहा, 'हाल में संपन्न नीलामी से सभी 12 फ्रेंचाइजी ने अपनी टीमों को मजबूत किया है और आगामी सत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी, जिससे दर्शकों का मनोरंजन होगा।' लीग के आयोजक ने कहा कि मैचों के लिए स्थलों और अन्य चीजों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। लीग के 12वें सत्र की नीलामी 31 मई और एक जून को मुंबई में हुई, जिसमें रिकॉर्ड 10 खिलाड़ियों ने 1 करोड़ रुपए से अधिक के अनुबंध हासिल किए।

### 26 दिसंबर से शुरू होगा एसए20, फाइनल 25 जनवरी को

**जोहानिसबर्ग।** एसए20 के आयोजकों ने बुधवार को कहा कि लीग के चौथे सत्र की शुरुआत 26 दिसंबर को न्यूलैंड्स में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस केप टाउन और डरबन के सुपर जायंट्स के बीच 'बॉक्सिंग डे' मुकाबले के साथ होगी, जिसका फाइनल 25 जनवरी को होगा। फिर अगले दिन 27 दिसंबर को सत्र का पहला 'डबल-हेडर' (एक दिन में दो मुकाबले) होगा, जिसमें सेंचुरियन प्रिटोरिया कैपिटल्स और जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच एक विशेष मुकाबले की मेजबानी करेगा जबकि पार्ल रॉयल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप बोलैंड पार्क में भिड़ेंगे।

### मुक्केबाजी के राष्ट्रीय शिविर में निजी कोच को अनुमति नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) का कामकाज देख रही अंतरिम समिति ने बुधवार को आधिकारिक राष्ट्रीय शिविरों में निजी कोच और सहायक कर्मचारियों को अनुमति नहीं देने की लंबे समय से चली आ रही अपनी नीति को दोबारा लागू किया। भारतीय पुरुष और महिला मुक्केबाजों ने हाल में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। भारत ने ब्राजील में विश्व मुक्केबाजी कप में छह पदक और इस साल की शुरुआत में अस्ताना में महिला वर्ग में तीन स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 11 पदक जीते।

# आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग : कैरियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे गिल

### शुभमन 23वें स्थान से 15 पायदान की छलांग लगाकर सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर पहुंचे

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद अपने करियर में पहली बार बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए।

गिल ने मैच में 269 और 161 रन की पारी खेली थी, जिससे वह टेस्ट की दोनों पारियों में 150 से अधिक रन बनाने वाले इतिहास के दूसरे खिलाड़ी बन गए। इस प्रदर्शन से भारत ने इंग्लैंड को 336 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में यह उनकी पहली जीत भी थी। श्रृंखला से पहले 24 वर्षीय शुभमन 23वें स्थान पर थे और बुधवार को जारी आईसीसी की टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 15 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर पहुंच गए।

एजबेस्टन में 430 रन से उन्होंने अभी तक दो टेस्ट में कुल 585 रन बना लिए हैं। अभी श्रृंखला में तीन मैच और खेले जाने हैं। गिल के करियर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 14 थी जो उन्होंने सितंबर 2023 में हासिल की थी।

#### वनडे में गिल बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

वहीं वनडे में गिल बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के चरित असलंका (छठे स्थान पर) और कुसल मेंडिस (10 पायदान के फायदे से 10वें स्थान पर) ने बांग्लादेश पर 2-1 से श्रृंखला जीत के बाद छलांग लगाई है। श्रृंखला में नौ विकेट लेने के बाद वानिंदु हसरंगा एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 11 पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह भले ही कार्यभार प्रबंधन के कारण एजबेस्टन मैच में नहीं खेल पाए हो लेकिन इसके बावजूद टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष पर बने हुए हैं। मोहम्मद सिराज अच्छे प्रदर्शन के बाद छह पायदान चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए जबकि वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ और अल्जारी जोसेफ को भी फायदा मिला है। इंग्लैंड के हैरी ब्रुक ने एजबेस्टन में पहली पारी में 158 रन बनाकर टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। जो रूट दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन तीसरे स्थान पर हैं।



#### जायसवाल चौथे और स्मिथ पांचवें स्थान पर

भारत के यशस्वी जायसवाल चौथे और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ पांचवें स्थान पर हैं। गिल अब ब्रुक से केवल 79 रेटिंग अंक पीछे हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 184 और 88 रन बनाने के बाद 16 पायदान के फायदे से करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग (10वां स्थान) हासिल की और शीर्ष 10 में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की पारी की बदौलत 34 पायदान चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए। मुल्डर टेस्ट ऑलराउंडर सूची में भी तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि भारत के रविंद्र जडेजा अब भी शीर्ष पर बने हुए हैं।

# बुमराह की वापसी से मेजबान टीम के बल्लेबाजों का होगा इम्तेहान

# लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण पिच पर होगी बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा

**इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट और भारत ने बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट मैच जीता, 5 मैच की सीरीज बराबरी पर**

### मैच भारतीय समयानुसार आज दोपहर 3:30 पर शुरू होगा

एजेंसी ▶▶| लंदन

शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाजों को इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में लॉर्ड्स की चुनौती पूर्ण पिच पर सफलता हासिल करने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करना होगा जबकि जसप्रीत बुमराह की वापसी से मेजबान टीम के बल्लेबाजों की भी कड़ी परीक्षा होगी।

इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट जबकि भारत ने बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट मैच जीता था और इस तरह से पांच मैच की सीरीज अभी बराबरी पर है। भारत की दूसरे मैच में 336 रन से जीत के बाद हालांकि समीकरण काफी बदल गए हैं। भारत ने अभी तक दोनों मैच में अधिकतर समय अपना दबदबा बनाए रखा है और अगर उसने पहले टेस्ट मैच में कुछ कैच नहीं छोड़े होते और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो वह सीरीज में 2-0 से आगे होता।

#### शर्मा और कोहली की नहीं खली कमी

नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम की अनुभवहीनता को देखते हुए लग रहा था कि इंग्लैंड की टीम उस पर हावी रहेगी लेकिन अभी तक जिस तरह से भारत ने प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए उसे रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी नहीं खली, जिन्होंने इस सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इससे भारत की मजबूत बेंच स्ट्रेंथ का भी पता चलता है। गिल एंड कंपनी के बनाए गए रनों के पहाड़ ने बेन स्टोक्स की सपाट पिच तैयार करके विपक्षी टीम को मुकाबले से बाहर करने की रणनीति पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया। सपाट पिचों पर भारतीय बल्लेबाजों की जबरदस्त सफलता मेजबान टीम के लिए नुकसानदेह साबित हुई है। अब उन्हें ऐसे विकेट पर खेलना पड़ सकता है, जिस पर अच्छी सीम मूवमेंट की उम्मीद की जा रही है।



#### लॉर्ड्स में ऊपर-नीचे जाने वाली ढलान की अनोखी चुनौती

इसके अलावा, प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में ऊपर-नीचे जाने वाली ढलान की अनोखी चुनौती भी है। बुमराह और जोफ्रा आर्चर की वापसी से बल्लेबाजों का काम और कठिन हो जाएगा। आर्चर चार साल में इंग्लैंड के लिए अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं।बल्लेबाजी विभाग में भारतीय टीम के लिए ज़्यादा चिंता की कोई बात नहीं है, सिवाय करुण नायर के फॉर्म के, जो लेंथ से उछलती गेंदों के सामने थोड़े असहज दिखे हैं। इंग्लैंड यशस्वी जायसवाल की शॉर्ट पिच गेंदों से परीक्षा लेने की कोशिश करेगा लेकिन पूरी संभावना है कि भारतीय सलामी बल्लेबाज रन बनाने का कोई न कोई तरीका निकाल ही लेगा।

#### इंग्लैंड ने किया टीम में बदलाव टंग की जगह अब खेलेंगे आर्चर

स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर 2021 के बाद से अपने पहले टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं क्योंकि इंग्लैंड ने उन्हें भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश में शामिल किया है। पांच मैचों की श्रृंखला इस समय 1-1 से बराबर है और तीसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड ने आर्चर को टीम में शामिल करके अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने की कोशिश की है। वह टीम में जोश टंग की जगह लेंगे। इंग्लैंड की पुरुष टीम ने लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश में एकमात्र यही बदलाव किया है।

#### संभावित टीम

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

#### *इंग्लैंड की अंतिम एकादश*

*जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर।*

### आयरलैंड को 6-1 से दी मात

# हॉकी : भारत ने जीत के साथ की यूरोप दौरे की शुरुआत

एजेंसी ▶▶| आइंडहोवन(नीदरलैंड)

भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में आयरलैंड को 6-1 से हराकर अपने यूरोपीय दौरे की शानदार शुरुआत की।

भारतीय टीम की तरफ से उत्तम सिंह, अमनदीप लाकड़ा, आदित्य लालगे, सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने गोल किए। भारत ने मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और आयरलैंड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उत्तम ने भारतीय टीम के लिए पहला गोल किया और बाद में अमनदीप ने टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया। इसके बाद आदित्य ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो गोल दागकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। भारतीय रक्षा पंक्ति ने भी अच्छा खेल दिखाया और आयरलैंड के प्रयासों को अच्छी तरह से नाकाम किया। आयरलैंड की टीम केवल एक गोल ही कर पाई। भारत अब फिर से आयरलैंड का सामना करेगा। इसके बाद वह अगले दो सप्ताह में फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेज़बान नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।



■ आदित्य ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो गोल दागे

### दबाव में घबरा गए मुल्डर, गंवा दिया 400 रन बनाने का मौका : गेल



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल ने दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर की ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के विश्व रिकॉर्ड टेस्ट स्कोर के करीब पहुंचने के बावजूद पारी घोषित करने के लिए आलोचना करते हुए कहा कि 'वह घबरा गए और गलती कर बैठे। मुल्डर जब 367 रन पर खेल रहे थे और लारा के सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने से सिर्फ 34 रन पीछे थे ।

# क्लब विश्व कप : चेल्सी ने फ्लूमिनेंस को हराकर बनाई फाइनल में जगह

■ फाइनल रविवार को खेला जाएगा



■ जोआओ पेड्रो के शानदार दो गोल से चेल्सी ने किया फाइनल में प्रवेश

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)

जोआओ पेड्रो ने चेल्सी के लिए पहली बार शुरुआत करते हुए अपनी बचपन की टीम के खिलाफ दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड के क्लब ने ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चेल्सी की इस जीत से यह भी सुनिश्चित हो गया कि क्लब विश्व कप का विजेता फिर से यूरोप का ही कोई क्लब बनेगा क्योंकि दूसरा सेमीफाइनल फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और स्पेन के रियाल मैड्रिड के बीच खेला जाएगा।


#### चेल्सी की निगाह दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने पर

जोआओ पेड्रो जब 10 साल के थे तब फ़्लुमिनेंस से जुड़ गए थे और 2020 में वाटफोर्ड जाने तक वह इस क्लब की तरफ से खेलते रहे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने क्लब विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में 18वें और 56वें मिनट में गोल किए और अपने पूर्व क्लब के प्रति सम्मान दर्शाते हुए किसी भी गोल का जश्न मनाने से इनकार कर दिया। वह दो जुलाई को ब्राइटन से चेल्सी में शामिल हुए थे। चेल्सी की निगाह अब दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने पर लगी होगी। उसने इससे पहले 2021 में खिताब जीता था। फाइनल रविवार को खेला जाना है। यूरोपीय टीमें अपना लगातार 12वां और 18 प्रयासों में 17वां खिताब जीतेंगी। एकमात्र अपवाद 2012 में ब्राजील के कोरिंथियंस की चेल्सी पर जीत है।

## विंबलडन...



**लंदन।** अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा अपने भतीजे जैक्सन के साथ लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा के खिलाफ महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच जीतने का जश्न मनाती हुई।



### आईपीएल में इस्तेमाल किए गए साल्ट के बल्ले को मिली मंजूरी

**लंदन।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट इंडियन प्रीमियर लीग सहित पिछले दो वर्षों से जिस बल्ले का उपयोग कर रहे थे उसे शुरू में मैदान पर गेज परीक्षण में गलत पाया गया था, लेकिन बाद में आगे की जांच के बाद इसे मंजूरी दे दी गई। इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में लंकाशर की तरफ से खेलने वाले 28 वर्षीय साल्ट ने इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु की पहली आईपीएल खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईपीएल 2025 में 13 मैचों में 403 रन बनाए थे, जो विराट कोहली (15 मैचों में 657) के बाद उनकी टीम के लिए दूसरे सबसे ज़्यादा रन थे।

# टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर कोहली ने कहा, जब आप हर चार दिन में दाढ़ी रंगते हैं तो समय आ गया है

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय स्टार विराट कोहली ने लंदन में युवराज सिंह के 'फंडरेजर' कार्यक्रम में अपने टेस्ट करियर के संन्यास के बारे में बात करते हुए खूब हंसी मजाक किया और कहा कि 'जब आप हर चार दिन में दाढ़ी रंगते हैं तो मतलब है कि समय आ गया है'।

कोहली अब लंदन में रहते हैं। वह हाल में विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में दिखाई दिए, जिसमें वह भूरे रंग के सूट में काफी स्टाइलिश लग रहे थे। इसके बाद वह तुरंत 'यूवीकैन' कैंसर फंडरेजर (धनराशि जुटाना) कार्यक्रम में पहुंच गए। भारतीय टीम भी इस कार्यक्रम में मौजूद थी और कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता ने कोहली के टीम का हिस्सा नहीं होने का जिक्र क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड दौरे से पहले संन्यास की घोषणा कर दी थी। प्रस्तुतकर्ता गौरव कपूर ने कहा, 'मैदान पर हमें आपकी कमी खलती है।'



#### कोहली टेस्ट टीम को नई ऊंचाइयों पर ले गए


रवि शास्त्री, क्रिस गेल, केविन पीटरसन और युवराज तब कोहली के बगल में खड़े थे और इस भारतीय सुपरस्टार ने कुछ देर रुककर जवाब दिया, 'मैंने अभी दो दिन पहले ही अपनी दाढ़ी रंगी है। आपको पता है कि जब आप हर चार दिन में अपनी दाढ़ी रंगते हैं तो यह आराम करने का समय होता है।' कोहली इस 'फंडरेजर' कार्यक्रम के बीच में आए लेकिन स्पष्ट रूप से 'शोस्टॉपर' रहे। उन्होंने शास्त्री के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बात की जो उस समय मुख्य कोच थे जब कोहली टेस्ट टीम को नई ऊंचाइयों पर ले गए थे। कोहली ने कहा, 'सच कहूं तो अगर मैं तब उनके साथ नहीं होता तो टेस्ट क्रिकेट में जो हुआ वो मुमकिन नहीं हो पाता। हमारे बीच जो स्पष्टता थी वो ढूंढ पाना बहुत मुश्किल है। क्रिकेटरों के करियर में आगे बढ़ने के लिए यही सब कुछ होता है।'

### डोप टेस्ट में विफल होने पर गोला फेंक खिलाड़ी जैस्मिन अस्थायी रूप से निलंबित

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने भारतीय गोला फेंक खिलाड़ी जैस्मिन कौर को डोप परीक्षण में विफल होने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यह जानकारी अस्थायी निलंबन के तहत रखे गए खिलाड़ियों की नवीनतम सूची से मिली है। इस साल की शुरुआत में देहरादून में हुए राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली 22 वर्षीय जैस्मिन का टरबुटेलाइन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया है जो आमतौर पर खांसी की दवाई में पाया जाता है। पंजाब की इस खिलाड़ी ने पिछले साल अंतर विश्वविद्यालय खेलों में 14.75 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान भी हासिल किया था। इस बीच अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पहलवान नितिका पर चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है जो पिछले साल 28 मई से प्रभावी है।

### *तीरंदाजी विश्व कप*
### भारतीय महिला कंपाउंड टीम फाइनल में, पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में बाहर

**मैड्रिड (भाषा)।** कंपाउंड महिला टीम के बुधवार को यहां फाइनल में पहुंचने से तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में भारत का कम से कम एक पदक पक्का हो गया जबकि पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में हार गई। शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका की महिला तिकड़ी ने सेमीफाइनल में इंडोनेशिया को 230-226 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। अब शनिवार को स्वर्ण पदक के लिए उनका सामना 10वीं वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे से होगा। इससे पहले इस तिकड़ी ने क्वार्टर फाइनल में अल सल्वाडोर को 235-226 से हराया था। हालांकि ऋषभ यादव, प्रथमेश फुगे और अमन सैनी की पुरुष कंपाउंड टीम एक अंक से चूक गई और क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको से 233-234 से हार गई। क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहे भारतीयों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन दूसरे राउंड में पिछड़ गए और वापसी नहीं कर सके।




**खबर संक्षेप**

## 18 जुलाई को किसानों को मिलेगी 20वीं किस्त!



**नई दिल्ली।** पीएम किसान योजना के तहत 18 जुलाई को किसानों को 20 वीं किस्त जारी हो सकती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत साल में तीन बार 2-2 हजार रुपये दिए जाते हैं। 18 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के मोतिहारी जाएंगे। यहां वे गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। माना जा रहा है कि इसी कार्यक्रम में पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त भी जारी हो सकती है। हालांकि, अभी इसको लेकर आधिकारिक जानकारी का इंतजार है। इनमें राज्य और केंद्र सरकार दोनों की अलग-अलग योजनाएं शामिल हैं।

## हूती विद्रोहियों का जहाज पर हमला, तीन की मौत



**साना।** यूरोपीय संघ की नौसेना ने बताया कि यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक मालवाहक जहाज पर हमला किया, जिसमें 3 नाविकों की मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए। यह जहाज लाइबेरिया के झंडे वाला था। यह हमला एक ग्रीस की कंपनी के जहाज 'इटरनिटी सी' पर हुआ। सोमवार रात को जब जहाज उत्तर दिशा में स्वेज नहर की ओर बढ़ रहा था, तभी छोटी नावों में सवार कुछ लोगों ने और बम से लैस ड्रोन से उस पर हमला किया गया। हमले में घायल चालक दल के एक सदस्य को अपना पैर गंवाना पड़ा है।

### अफ्रीकी देश इस वर्ष के अंत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस की करेगा शुरूआत

# प्रधानमंत्री मोदी ने नामीबिया की राष्ट्रपति नेंडी-नदैतवा के साथ की द्विपक्षीय वार्ता

एजेंसी ▶▶ विंडहोक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नामीबिया की राष्ट्रपति नेटुम्बो नेंडी नदैतवा के बीच वार्ता के बाद बुधवार को यह घोषणा की गई कि अफ्रीकी देश इस वर्ष के अंत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की शुरूआत करेगा। दोनों नेताओं के बीच हुई वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों को नयी गति प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। मोदी-नदैतवा वार्ता में, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। पिछले वर्ष अप्रैल में एनपीसीआई (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) और बैंक ऑफ नामीबिया के बीच यूपीआई प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग समझौते पर हुए हस्ताक्षर के परिणामस्वरूप इस वर्ष के अंत में नामीबिया में डिजिटल भुगतान प्रणाली शुरू करने की घोषणा की गई।

*पीएम मोदी ने कहा कि नामीबिया की राष्ट्रपति के साथ डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में सहयोग हमारी चर्चा में प्रमुखता से शामिल रहे। हमने व्यापार, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स के क्षेत्र में संबंधों को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर भी चर्चा की*

**प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान आपसी संबंधों की समीक्षा की**

**'प्रोजेक्ट चीता' में नामीबिया की सहायता के लिए आभार व्यक्त किया**



**उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना**

*दोनों नेताओं के बीच वार्ता के बाद, नामीबिया में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग पर एक अन्य समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। नामीबिया, भारत समर्थित सीडीआरआई (आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन) और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में भी शामिल हुआ।*

### आपने चीते गिफ्ट किए, उन्होंने संदेश भेजा है

*प्रधानमंत्री ने नामीबिया की संसद को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'मैं सर्वोच्च नागरिक सम्मान लेते हुए बहुत सम्मानित महसूस कर रहा है। पीएम ने कहा, 'आपने 2022 में हमारे देश में चीतों को फिर से बसाने में हमारी मदद की, हम आपके इस गिफ्ट के लिए बहुत आभारी हैं। उन्होंने आपके लिए एक संदेश भेजा है- सब कुछ ठीक है। वे बहुत खुश हैं और अपने नए घर में अच्छी तरह से ढल गए हैं।*



### नामीबिया के संस्थापक को श्रद्धांजलि दी

पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्मारक 'हीरोज एकर' में नामीबिया के संस्थापक सैम नुजोमा को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। नुजोमा ने 1990 में नामीबिया को स्वतंत्रता दिलाई और 15 वर्षों तक इसके राष्ट्रपति रहे थे। राष्ट्रपति नेंडी-नदैतवा के निमंत्रण पर नामीबिया पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि भारत नामीबिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना चाहता है जो अफ्रीका में एक 'महत्वपूर्ण और विश्वसनीय साझेदार' है।

### ... फिर बेनकाब हुआ पाकिस्तान



## लश्कर आतंकी को लेकर झूठ बोल गईं पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान आतंकियों की पनाहगाह है, ये बात पूरी दुनिया जानती होगी, लेकिन पाकिस्तान की सरकार और वहां के नेता अभी भी इसे मानने को तैयार नहीं हैं और लगातार इससे इनकार करते आए हैं। अब एक बार फिर पाकिस्तान बेनकाब हो गया है। पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार एक इंटरव्यू के दौरान अपने ही बयान में फंस गईं और फिर कैमरे पर साफ झूठ बोलकर अपनी और अपने देश की फजीहत करा बैठीं। हिना रब्बानी खार ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के हवाई हमले में मारे गए आतंकियों के जनाजे की नमाज पढ़ने वाला लश्कर आतंकी अब्दुल रऊफ आतंकी नहीं बल्कि आम आदमी है।

**चेहरे का रंग उड़ गया**

पत्रकार ने एक तस्वीर दिखाकर हिना से कहा कि जो व्यक्ति नमाज पढ़ रहा है, वह अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी है। इस बारे में उनका क्या कहना है? इस पर हिना ने कहा कि मैं पूरे दावे और अधिकार से कह रही हूं कि तस्वीर में दिख रहा व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय रूप से घोषित आतंकी अब्दुल रऊफ नहीं बल्कि पाकिस्तान का आम व्यक्ति है और ऐसे अब्दुल रऊफ पाकिस्तान में लाखों हैं। इस पर पत्रकार ने बताया कि पाक सेना ने खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और उस व्यक्ति को आतंकी बताया था। साथ ही पाकिस्तानी सेना ने तस्वीर में दिख रहे व्यक्ति की नेशनल आईडी भी साझा की थी, जो अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी की नेशनल आईडी से मेल खाती है। इस पर हिना रब्बानी खार के चेहरे का रंग उड़ गया। तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान और रक्षा मंत्री यासर गुलर पाकिस्तान के दौरे पर हैं। फिदान और गुलर बुधवार को इस्लामाबाद पहुंचे हैं। दोनों मंत्रियों की पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के अलावा सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के साथ मुलाकात होनी है।




### 160 किमी की स्पीड, आगरा में ठहराव

## इस माह हो सकता है निजामुद्दीन इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल



एजेंसी ▶▶ आगरा

रेल मंडल आगरा को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस मिल सकती है। इस माह निजामुद्दीन-इंदौर वंदे भारत का परीक्षण होगा। यह परीक्षण नई दिल्ली से मथुरा के मध्य होगा। इस हिस्से में कवच प्रणाली भी लगी है।

**रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव बनाकर भेजा**

यह वंदे भारत पांच से सात मिनट तक आगरा कैंट में ठहराव होगा। यह 5वीं वंदे भारत होगी। रेलवे बोर्ड को इसका प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया था। बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि नई रैक मिल चुकी है। जल्द ही निजामुद्दीन-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस का परीक्षण किया जाएगा। ट्रेन की अधिकतम गति 160 किमी प्रति घंटा व औसत गति 120 से 130 किमी प्रति घंटा तक होगी।

### अमरनाथ यात्रा में उमड़ी भीड़

## छह दिन में 1.11 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस वर्ष अमरनाथ यात्रा के पहले छह दिनों में 1.11 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। बुधवार को जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से 7,579 श्रद्धालुओं का नया जत्था कश्मीर की ओर रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से हुई थी और तब से लेकर अब तक 1.11 लाख से ज्यादा यात्रियों ने दर्शन किए हैं।



**ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर रहे**

श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से पहुंचने वालों के अलावा, कई श्रद्धालु सीधे बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप पर जाकर ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर यात्रा में शामिल हो रहे हैं। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश, बौछारों और गरज-चमक की चेतावनी दी है।

### ट्रंप ने सात और देशों को शुल्क पत्र भेजे, लेकिन बड़े व्यापारिक साझेदारों को नहीं

**वाशिंगटन (एपी)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को सात छोटे अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों को शुल्क पत्र भेजे और अन्य देशों पर आयात कर की घोषणा बाद में करने का वादा किया। जिन देशों के लिए शुल्क पत्र भेजे गये हैं उनमें से कोई भी अमेरिका का बड़ा औद्योगिक प्रतिद्वंद्वी नहीं है। ये देश फिलीपीन, ब्रुनेई, मॉल्डोवा, अल्जीरिया, लीबिया, इराक और श्रीलंका हैं। यह इस बात का संकेत है कि खुले तौर पर 'शुल्क' (टैरिफ) शब्द के प्रति अपने लगाव का इजहार करने वाले एक राष्ट्रपति अब भी इस विचार से मोहित हैं कि व्यापार पर कर लगाने से अमेरिका में समृद्धि आएगी। अधिकतर आर्थिक विश्लेषणों में कहा गया है कि शुल्क से मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ेगा और आर्थिक विकास में कमी आएगी, लेकिन ट्रंप ने करों का उपयोग प्रतिद्वंद्वियों और सहयोगियों दोनों पर अमेरिका की कूटनीतिक और वित्तीय शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए किया है। उनका प्रशासन वादा कर रहा है कि आयात पर कर लगाने से व्यापार असंतुलन कम होगा, शुक्रवार को उनके द्वारा हस्ताक्षरित कानून से कर कटौती लागत में से कुछ की भरपाई होगी तथा अमेरिका में कारखानों में नौकरियों की वापसी होगी।

## रूस ने यूक्रेन पर दागे 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें, बिजली और संचार ठप



**कीव।** यूक्रेन पर रूस ने मंगलवार रात को रिकॉर्ड 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन की वायुसेना ने इस हमले को अब तक का सबसे बड़ा हमला करार दिया है। इन ड्रोनों में ईरान निर्मित 'शाहिद' ड्रोन और कई डिकॉय ड्रोन शामिल थे। हमले का मुख्य निशाना यूक्रेन का पश्चिमी वोलिन क्षेत्र और उसकी राजधानी लुत्स्क रहा, जो पोलैंड और बेलारूस की सीमा से सटा हुआ है। यह हमला रातभर चला और इसका असर कई इलाकों में बिजली सप्लाई और संचार नेटवर्क पर पड़ा। इससे नागरिकों में दहशत फैल गई। यूक्रेनी ने 296 ड्रोनों और 7 मिसाइलों को मार गिराया। बाकी 415 ड्रोन या तो रडार से गायब हो गए या फिर इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग तकनीक से निष्क्रिय कर दिए गए।

### अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किसान बने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

## साथ ले गए मेथी और मूंग के बीज, अब उन्हें उगा रहे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अपने 14 दिवसीय प्रवास के 12 दिन पूरे कर चुके हैं। इन 10 दिनों में उन्होंने कई प्रयोग किए। प्रयोगों के क्रम में उन्होंने किसान की भी भूमिका निभाई। उन्होंने अपने साथ ले गए मेथी और मूंग के बीजों का अंकुरण किया।

आईएसएस में स्प्राउट्स प्रोजेक्ट को सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंकुरण और पौधों के शुरुआती विकास और उन पर पड़ने वाले असर का अध्ययन करने के लिए अंजाम दिया जा रहा है। बता दें कि पृथ्वी पर स्प्राउट्स प्रोजेक्ट का नेतृत्व कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ के रविकुमार होसामणि और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धारवाड़ के सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस की ओर से इस शोध को लेकर जारी बयान में कहा गया है कि पृथ्वी पर वापस आने के बाद इन बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा। जिससे कि उनके आनुवंशिकी, सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र और पोषण प्रोफाइल में होने वाले परिवर्तनों की जांच की जा सके।



**'स्प्राउट्स प्रोजेक्ट' में पौधों के अंकुरण शुरुआती विकास का अध्ययन किया**

**गर्व है इसरो दुनियाभर के संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहा**

अपने प्रयोगों को लेकर शुभांशु ने एक्सिओम स्पेस की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. लूसी लोव से बात की। इस बातचीत में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने उनके द्वारा किए जा रहे वैज्ञानिक प्रयोगों की जानकारी दी और बोले की वे बेहद व्यस्त हैं। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि 'जब से हम यहां आए हैं, तब से ही काफी व्यस्त हैं। हम अंतरिक्ष स्टेशन पर बहुत सारे प्रयोग कर रहे हैं, जिन्हें लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं। इस मिशन से माइक्रोग्रैविटी के लिए रास्ते खुलेंगे और इससे भारतीय वैज्ञानिकों के लिए नई राह खुलेगी। मुझे बेहद गर्व है कि इसरो दुनियाभर के संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25